हरिभूमि
रायपुर भूमि




# खत्म हुआ अल्टीमेटम, पर संकट यथावत, नकटी के ग्रामीण हटने को तैयार नहीं, प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नकटी गांव में कथित तौर पर कब्जा की गई 40 एकड़ जमीन खाली कराने के लिए प्रशासन का अल्टीमेटम शनिवार को समाप्त हो गया। प्रशासन जिस जमीन को बेजा कब्जा बता रहा है, उस जमीन को ग्रामीण अपना होने का दावा करते हुए किसी भी हाल में खाली नहीं करने की बात कह रहे हैं। प्रशासन द्वारा जमीन खाली करने दिए गए 48 ▸▸|शेष पेज 13 पर

- घर, जमीन बचाने ग्रामीणों की मैराथन बैठक
- तीसरे दिन भी ग्रामीणों का धरना जारी

## ग्रामीणों को सता रहा डर

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का समय आ गया है, बच्चों का स्कूल में एडमिशन हो गया है। ऐसे में प्रशासन से जुड़े लोग उन्हें नोटिस जारी कर जगह खाली करने के लिए कह रहे हैं। ऐसी स्थिति में वे कहां जाएंगे? जिन 77 परिवारों को जगह खाली करने नोटिस मिला है, उन परिवार के लोगों को कहां विस्थापित किया जाएगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। सबसे ज्यादा चिंतित गांव की महिलाएं तथा बुजुर्ग हैं।

## ग्रामीणों में इसलिए भय का माहौल

ग्रामीणों में बेदखली तथा मकान तोड़े जाने की आशंका के चलते भय का माहौल है। इसका बड़ा कारण शुक्रवार को देर शाम आनन-फानन में 48 घंटे के भीतर जगह खाली करने नोटिस चस्पा किया जाना है। राजस्व विभाग ने 77 परिवारों को जगह खाली करने का नोटिस जारी करते हुए उनके घरों पर चस्पा कर दिया है। इससे ग्रामीण गुस्से तथा खौफ में हैं।

## पुलिस पल-पल की जानकारी जुटा रही

प्रशासन के साथ ग्रामीणों की किसी भी तरह से टकराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए पुलिस पल-पल की जानकारी एकत्र कर रही है। इसलिए पुलिस के साथ स्थानीय प्रशासन अलर्ट है। साथ ही ग्रामीणों के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं। अल्टीमेटम खत्म होने के दूसरे दिन रविवार को अवकाश होने की वजह से किसी तरह से कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों को आशंका है कि सोमवार को प्रशासन की टीम कार्रवाई करने पहुंच सकती है। कार्रवाई से बचने ग्रामीण बैठक कर आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं।

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : sssen.ac.in

## खबर संक्षेप

### चाकू से जानलेवा हमला नाबालिग समेत 3 अरेस्ट



रायपुर। पुरानी रंजिश को लेकर मोतीबाग में युवक पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कृष दीप की शिकायत पर पुलिस ने महेंद्र उर्फ हर्ष सोनी, देव बघेल तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। मोतीबाग में गुरुवार तड़के छह बजे दोनों पक्षों के बीच मोबाइल फोन पर बातचीत हुई, जो देखते ही देखते तीखी बहस में बदल गई। इसके बाद आरोपी एक राय होकर पीड़ित से मिलने पहुंचे। आमने-सामने होने पर विवाद और अधिक बढ़ गया, इस दौरान आरोपियों ने चाकू से हमला कर कृष को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए थे।

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई



रायपुर। ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार की रात्रि में शहर के 9 स्थान तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, भांठागांव, टाटीबंध, कालीबाड़ी, जय स्तंभ चौक, भनपुरी चौक एवं पंडरी थाना के सामने ट्रैफिक एसीपी सीमा अहिरवार के नेतृत्व में यातायात के अधिकारियों एवं जवानों की टीम बनाकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते हुए कुल 47 वाहन चालकों में 29 कार, 4 मोटर साइकिल, 1 ई-रिक्शा, 7 टाटा एस. एवं 6 ट्रक को पकड़ा गया, जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई कर उन्हें सोमवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### शौच करने गया ड्राइवर, ई-रिक्शा पार

रायपुर। शौच करने गए एक ड्राइवर का ई-रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। सरोरा निवासी ललित बंजारे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने डीडीनगर पुलिस को बताया कि वह पिछले सप्ताह मंगलवार को रात के समय सवारी लेकर डिपरापारा रायपुरा गया था। जहां सवारी छोड़कर वापस सरोना होते हुए वापस आ रहा था, रात्रि करीबन 11 बजे कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास सरोना पहुंचा और ई-रिक्शा को चाबी लगी हुई खड़ी कर पेट गड़बड़ होने पर पास में टायलेट चला गया। करीब आधे घंटे बाद वापस आया तो अज्ञात चोर ई-रिक्शा चोरी कर फरार हो गया था।

मेडिकल कॉलेज हॉस्टल का ढांचा कांग्रेस शासन में खड़ा हुआ था

# किराये के हॉस्टल पर 35 लाख रुपए खर्च फिर भी ढांचे का काम एक इंच नहीं सरका

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



एमबीबीएस के छात्रों के लिए नेहरू मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल बनाने का काम इंच भर आगे नहीं बढ़ पाया है। कालेज परिसर में खड़े इमारत के ढांचे को भवन की शक्ल देने करीब नौ महीने पहले 61.39 करोड़ की घोषणा हुई थी, इसके बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया है। इधर हंगामे के बाद अस्थायी रूप से उपलब्ध कराए गए हॉस्टल पर कालेज प्रबंधन करीब 35 लाख रुपए खर्च कर चुका है। यहां छात्रों के लिए 200 सीटर हॉस्टल बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया था।

पं. जवाहरलाल नेहरू समृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आवास समस्या पर आवाज बुलंद होने के बाद यहां हॉस्टल बनाने के राशि की घोषणा सितंबर माह में आयोजित ▸▸|शेष पेज 13 पर

## महामारी के दौरान अटका काम

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पुराने हास्टल भवन के जर्जर होने के बाद छात्रों को वन विभाग से वापस मिली जमीन पर ने कार्यालयों में आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद कांग्रेस शासनकाल में रिक्त जमीन पर हास्टल बनाने का काम शुरू किया गया था। भवन का स्ट्रक्चर तैयार होने के बाद उसमें स्टॉफ क्वार्टर बनाने की जरूरत महसूस हुई। इससे भवन निर्माण की लागत बढ़ गई थी। योजना पर काम चल रहा था कि कोरोना आ गया है और काम रुक गया था। तब से भवन के पिल्हर उसी हालत में खड़े हुए हैं। जानकारों की माने तो हॉस्टल के रूप में तीस फीसदी काम हो चुका है।

## प्रदेशभर में दिक्कत

सूत्रों की मानें तो राज्य के तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा छात्रों के आवास की समस्या बड़ी दिक्कत बनी हुई है। एक आंकड़ों के अनुसार राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में करीब 3600 चिकित्सा छात्र आवास की परेशानी झेल रहे हैं। इनमें रायपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। यहां यूजी के साथ पीजी करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी हॉस्टल का इंतजाम पर्याप्त नहीं है।

## रैंकिंग में पिछड़ रहा

*किसी भी शिक्षण संस्थान की मूलभूत सुविधाओं में हॉस्टल शामिल होता है। प्रदेश के सबसे पुराने चिकित्सा महाविद्यालय में यूजी-पीजी की सीटें बढ़ी हैं, मगर सुविधाएं बरसों पुरानी हैं। मेडिकल कालेज रायपुर कभी देश के टॉप 10 रैकिंग में शामिल थार जो अब 500 में भी नहीं है।*

*- डॉ. कुलदीप सोलंकी, अध्यक्ष आईएमए एवं संयोजक छग सिविल सोसायटी*

## काम शुरू होने का दावा

*राशि स्वीकृत होने के बाद हॉस्टल निर्माण का काम महीनेभर में शुरू किए जाने के दावे किए गए थे। काम अब जाकर शुरू किए जाने की तैयारी है। शिक्षण संस्थान में छात्रों के लिए आवास सुविधा होना अनिवार्य है।*

*- डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ*

## जुलाई से शुरू होगा काम

*200 सीटर हॉस्टल के साथ स्टॉफ के लिए 2 बीएचके-3 बीएचके क्वार्टर बनाने का काम 1 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा गर्ल्स हॉस्टल और कैंसर भवन के जी-6 का काम भी शुरू होगा।*

*- डॉ. विवेक चौधरी, डीन, शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर*

# रूठा मानसून... दस्तक के बाद अब तक राज्य में सिर्फ 23.4 मिमी. वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नौ दिन देर से आने के बाद भी मानसून छत्तीसगढ़ में स्थापित होने का नाम नहीं ले रहा है। मायूस करने वाली बात ये है कि 22 जून को आगमन के बाद अब तक प्रदेश में केवल 23.4 मिमी. बारिश हुई है। पिछले चौबीस घंटे में केवल बस्तर के दो इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। राज्य में मानसून को सक्रिय करने के लिए अब तक कोई सिस्टम नहीं है, इसलिए छाने वाले काले बादल उमड़-घुमड़कर वापस लौट जा रहे हैं।

- तमाम जिलों में सूखे के हालात, छाए बादल केवल उमड़-घुमड़ कर लौट रहे
- मानसून को स्थापित करने बंगाल की खाड़ी में नहीं बन रहा कोई सिस्टम

राज्य में कम वर्षा का संकट जून महीने में ही दिखाई देने लगा है। देर तक गर्मी के असर के बाद प्री-मानसून वर्षा ने भी राज्य में अपना असर नहीं दिखाया है। इसके बाद आए मानसून ने राज्य में केवल अपनी उपस्थिति की औपचारिकता निभाई है। 22 जून को दंतेवाड़ा आने के बाद इसे बिना बारिश के कोरिया जिले तक पहुंचा दिया गया है। मानसून के राज्य में प्रवेश होने के बाद अब तक प्रदेश में व्यापक वर्षा का दौर एक भी बार नहीं बना है। सामान्यतः जून बीतने के अंतिम दिनों तक राज्य में 8 से 10 सेमी. तक बारिश हो जाती थी।

## बिजली गिरने का दौर

जून के अंतिम दिनों में भी मौसम में उग्रता बनी हुई है। आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा इलाके में गाज गिरने से एक मौत हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की स्थिति तेज गर्मी के बाद मौसम में होने वाले बदलाव से बनती है। अभी बंगाल की खाड़ी में सिस्टम नहीं बनने की वजह अलनीनो का प्रभाव भी हो सकता है।

# चबूतरों का आवंटन अब तक नहीं, सड़क पर सब्जियों का कारोबार, ट्रैफिक जाम




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाठागांव मुख्य मार्ग पर सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने और व्यापारिक स्थल उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा बनाया गया आधुनिक सब्जी बाजार निर्माण के डेढ़ साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। यहां 250 पक्के चबूतरों का निर्माण कराया गया, जिसमें से एक भी चबूतरे का आवंटन आज तक नहीं किया गया है। इसके चलते सब्जी विक्रेताओं की परेशानी बढ़ गई है। वहीं सड़क पर सब्जी बाजार लगने से आवाजाही के रास्ते पर भीड़ और ट्रैफिक जाम की समस्या के साथ ही दुघर्टना का खतरा बना हुआ है। बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव से व्यापारियों और ग्राहकों को बेहद परेशानी होती है।

- आवेदन और दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी
- मुख्यालय से आवंटन के लिए स्वीकृति का इंतजार

## धूप और बारिश से मिलेगी राहत

आवंटन का इंतजार कर रहे स्थानीय सब्जी विक्रेताओं का कहना है, वे महीनों से आधुनिक सब्जी बाजार में चबूतरों के आवंटन का इंतजार कर रहे हैं। स्थायी दुकानें नहीं मिलने से उन्हें सड़क किनारे पसरा लगाकर व्यवसाय करना पड़ रहा है। इससे बारिश व गर्मी के सीजन में उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। अपनी परेशानी से उन्होंने जोन के अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। इसके बावजूद सब्जी बाजार में उन्हें पक्के चबूतरे नहीं मिल पाए हैं।

# युवती के हाथ पैर बांध कर खाट के नीचे छिपाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय युवती के अपहरण कर उसे बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। युवती मूल रूप से बलौदाबाजार के पलारी की रहने वाली है। वह आरंग में रहकर प्राइवेट जॉब करती है। शनिवार को वह अपनी नानी के यहां से घर लौट रही थी। इसी दौरान मंदिर हसौद थाना क्षेत्र निवासी युवक हनी उर्फ दीपक युवती की रास्ता रोककर जबरन अपने साथ ले गया।

- युवती मूलतः बलौदाबाजार के पलारी की रहने वाली
- आरंग पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में जुटी

आरोप है कि उसने युवती का मुंह दबाकर उसका अपहरण किया और अपने घर ले जाकर बंधक बना लिया। पुलिस ने हनी के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाने, धमकी देने तथा छेड़खानी का अपराध दर्ज किया है। आरोपी ने युवती के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, उसके दोनों हाथ पीछे बांध दिए और अपने घर के अंदर खाट के नीचे छिपाकर रखा, ताकि किसी ▸▸|शेष पेज 13 पर

## घर की तलाशी लेने पर खाट के नीचे मिली

खोजबीन के दौरान हनी उर्फ दीपक पर परिजनों को युवती के अपहरण की आशंका हुई। इसके बाद परिजन उसके घर पहुंचे और तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवती घर के भीतर खाट के नीचे हाथ बंधे और मुंह में कपड़ा ठूंसे मिली। परिजनों ने तत्काल उसे मुक्त कराया और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आरंग पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# सोशल मीडिया पर 'डॉनगिरी' के वीडियो वायरल, इस दौड़ में अब युवतियां भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



सोशल मीडिया पर अपने आपको शहर का डॉन तथा बड़ा बदमाश साबित करने होड़ मची हुई है। इस कड़ी में अब युवतियां भी पीछे नहीं हैं और अपने आपको डॉन तथा बदमाश साबित करने रील पोस्ट कर रही हैं। उनकी भाषाशैली जनसामान्य के कानों में जहर घोलने वाली रहती हैं। युवक-युवतियां इंस्टाग्राम पर हथियार लहराते, ▸▸|शेष पेज 13 पर

- आजाद चौक, डीडीनगर थाना क्षेत्र में अपने आपको डॉन साबित करने का वीडियो वायरल

## युवतियां भी कर रहीं गाली-गलौज



एक अन्य वायरल वीडियो में एक युवक और युवती ने लोगों को धमकाते हुए तथा गाली-गलौज करते हुए वीडियो अपलोड किया है। बताया जा रहा है कि दोनों नियमित रूप से ऐसे वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते रहते हैं।

## मुंह में चाकू दबाकर शेर डांस

आजाद चौक थाना क्षेत्र का भी एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें मोहर्रम जुलूस के दौरान मंगल बाजार के पास एक युवक अपने दोनों हाथों में चाकू और एक चाकू मुंह में दबाकर 'शेर डांस' करता दिख रहा है। सोशल मीडिया पर इस तरह खुलेआम हथियारों के प्रदर्शन से एक ओर जहां लोग दहशत में हैं, वहीं इससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद होते हैं।

# बिरगांव मेनरोड के मॉल से एक लाख का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बिरगांव के मुख्य मार्ग पर संचालित शुभम मॉल में एक चोर ने धावा बोलकर एक लाख रुपए कीमत के कपड़ों के साथ नकद रकम भी पार कर दी। चोरी की घटना शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात हुई। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज में चोर की तस्वीरें कैद हो गई हैं। इस आधार पर पुलिस अज्ञात चोर के बारे में पतासाजी कर रही है। चोर स्थानीय है या बाहरी, यह स्पष्ट नहीं है। रमाशंकर देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात साढ़े 10 बजे मॉल बंद कर वह घर चला गया था। दूसरे दिन कारोबारी का बड़ा भाई तोरण मॉल खोलने गया तो उसने देखा कि कैश काउंटर खुला हुआ था, कुछ सिक्के बिखरे हुए थे। शंका होने पर जांच की तो मॉल के ऊपरी फ्लोर से खिड़की तोड़कर अज्ञात व्यक्ति अंदर घुसा और नकद रकम एवं कपड़े चोरी कर ले गया था। मेन रोड पर संचालित मॉल में चोरी होने से अन्य कारोबारी दहशत में हैं। उल्लेखनीय है कि बिरगांव मेन रोड पर पुलिस का फिक्स गश्त पाइंट है। बावजूद इसके चोरी की घटना ने पुलिस गश्त की पोल खोलकर रख दी है।

- उरला पुलिस जांच में जुटी, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फूटेज



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

# भाजपा का मिशन 2028, बूथों को मजबूत करने हर माह पांच स्तरों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ढाई साल पहले ही अभी से चुनावी मोड में आ गया है। भाजपा ने 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने तय किया है कि अब बूथों से लेकर जिलों में हर माह बैठक की जाएगी। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी। इसका प्रारंभ भी इस माह से हो गया है। पहले तीन सप्ताह में जिलों, मंडल और शक्ति केंद्रों की बैठक के बाद अब रविवार को प्रदेश के सभी बूथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के बाद बैठक की गई। इसमें बूथों की स्थिति पर मंथन किया गया। भाजपा का सबसे बड़ा फोकस प्रदेश के हर बूथ को विधानसभा चुनाव के पहले मजबूत करने पर है। इसके लिए अब हर माह बूथों से लेकर प्रदेश स्तर पर बैठक करके मंथन किया जाएगा और बूथों को मजबूत करने की रणनीति बनाकर कमजोर बूथों को मजबूत किया जाएगा। रविवार को



## पहली बार सभी बूथों में मन की बात कार्यक्रम के बाद की गई बैठक

राजधानी के भी सभी बूथों में मन की बात कार्यक्रम के बाद बैठक करके बूथों के बारे में चर्चा की गई। बूथों की स्थिति को लेकर मंथन करके इसके बारे में मंडल, शक्ति केंद्रों और जिलों को जानकारी दी जाएगी। इसी के साथ कमजोर बूथों की पूरी कुंडली प्रदेश संगठन के पास भी जाएगी। डीडी नगर के भी सभी बूथों में बैठक की गई। पार्षद आशु चंद्रवंशी ने बताया अंबेडकर आवास में बूथ क्रमांक 288 को लेकर बैठक की गई। यह बूथ बस्ती का होने के कारण काफी कठिन है। इस बूथ को मजबूत करने पर फोकस किया जाएगा। ऐसे ही और जो भी बूथ होंगे उनको मजबूत करेंगे। इसी तरह से रायपुर सहित प्रदेश के सभी बूथों में बैठकें करके उनकी स्थिति पर मंथन किया गया है। यह सिलसिला हर माह चलेगा।

### पहली बार हर माह बैठक की रणनीति

*भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा का उन तीन हजार नए बूथों पर भी बड़ा फोकस है। अब इस माह से भाजपा का बैठकों की दौर प्रारंभ हो गया है। इसमें बूथों को लेकर खास मंथन किया जा रहा है। किस मंडल और किस जिले में कितने बूथ ऐसे हैं जो कमजोर हैं। इसके बाद इन बूथों को मजबूत करने की रणनीति तैयार करके इनको मजबूत किया जाएगा। भाजपा के पास हर बूथ के लिए पन्ना और पेज प्रभारी हैं। इनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठकों के लिए क्रम भी तय किया गया है। हर माह के पहले सप्ताह में मंडलों की बैठक होगी। दूसरे सप्ताह में जिलों और तीसरे सप्ताह में शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। अंत में बूथों की बैठक चौथे सप्ताह में ही होगी। यह क्रम लगातार चलेगा।*

# जनता और नेतृत्व के बीच संवाद का सबसे बड़ा माध्यम मन की बात : सीएम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुना। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के कहा, जनता और नेतृत्व के बीच संवाद का सबसे बड़ा माध्यम है मन की बात। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, मन की बात आज जनता और देश के नेतृत्व के बीच रू-ब-रू संवाद का सबसे बड़ा और सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचार और सकारात्मक कार्यों को जनता के सामने रखते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को समाज में कुछ नया और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। देश के सुदूर अंचलों में छिपी प्रतिभाओं और उनके द्वारा किए जा रहे लोक-कल्याणकारी कार्यों को वैश्विक मंच देकर प्रधानमंत्री ने देश में एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत की है।

### भाजपा नेताओं ने भी सुना कार्यक्रम

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम रायपुर पश्चिम विधानसभा के तात्यापारा मंडल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 245 (गुरु घासीदास कॉम्प्लेक्स) में सुना। भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथ पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष आम जनता और कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद रहे। इस अवसर पर उनके साथ कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, विधायक राजेश मूणत, रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी सहित क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## चिप की कमी के कारण लगातार बढ़ रहे हैं दाम

# चिप ने बिगाड़ी मोबाइल की रिंगटोन कीमत में 50 फीसदी तक इजाफा

*अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध की आग में स्मार्ट फोन भी आ गए हैं। स्मार्ट फोन की कीमत 40 से 50 फीसदी तक बढ़ गई है। राजधानी रायपुर के कारोबारियों के मुताबिक 10 हजार वाला मोबाइल इस समय 15 हजार का हो गया है। इसी तरह से 22 हजार वाला मोबाइल 32 हजार हो गया है। आने वाले समय में मोबाइल के दाम में कमी की संभावना भी कम है। मोबाइल के दाम में आग लगने का सबसे बड़ा कारण चिप की कमी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्मार्ट फोन के लिए सबसे जरूरी चिप है। युद्ध के कारण इसकी सप्लाई प्रभावित हो गई है। चिप की कमी का कारण यह बताया जा रहा है कि चिप बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई की तरफ दे रही हैं। ऐसे में कंपनियां एनवीडिया की एआई चिप बना रही हैं। यह चिप ज्यादा महंगी बिकती है। चिप की कमी के कारण सबसे ज्यादा बिकने वाले मोबाइल वीवो, सैमसंग, ओपो, रियलमी, शाओमी, टेक्नो सहित ज्यादातर मोबाइल के मॉडल महंगे हो गए हैं। टेक्नो का जो मोबाइल 22 हजार का था, उसे पहले 29 हजार किया गया और अब रविवार को इसके दाम में तीन हजार का और इजाफा कर दिया गया है। मोबाइल कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक रोज किसी न किसी मॉडल के दाम बढ़ रहे हैं। 10 हजार रुपए वाले मोबाइल की कीमत अब 15 हजार हो गई है। एप्पल मोबाइल के दाम भी दस हजार तक बढ़े हैं। इसके टेबलेट के दाम भी पांच-पांच हजार बढ़ गए हैं।



### कारोबार प्रभावित

*चिप की कमी के कारण रोज किसी न किसी मोबाइल के दाम बढ़ रहे हैं। कुछ दस हजार के मॉडल वाले मोबाइल अब 15 हजार तक के हो गए हैं। इससे कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। नए मोबाइल की बिक्री कम हो गई है।*

**राजेश वासवानी, कारोबारी**

### चिप के दाम डबल से ज्यादा

*कारोबारियों का कहना है कि मोबाइल में लगने वाले चिप के दाम अब डबल से भी ज्यादा हो गए हैं। बीते तीन माह में चिप के दाम में सौ फीसदी से ज्यादा का इजाफा हो चुका है। मोबाइल के दाम में चिप का हिस्सा करीब 20 फीसदी रहता है जो अब 40 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यही वजह है कि मोबाइल के दाम भी 40 से 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। चिप के दाम बढ़ने के कारण मोबाइल की उत्पादक कंपनियां अपने मॉडल के दाम बढ़ाकर ग्राहकों से वसूली कर रही हैं।*

### सेकंड हैंड मोबाइल का क्रेज बढ़ा

*सेकंड हैंड फोन का क्रेज तो वैसे रहता ही है, लेकिन नए मोबाइल के महंगे होने के कारण अब इसका क्रेज और ज्यादा बढ़ गया है। ग्राहक अपने बजट को देखते हुए सेकंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं। जिनका बजट 10 हजार है तो ऐसे ग्राहक 10 हजार के मोबाइल की कीमत 15 हजार होने पर सेकंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं तो उनको 18 से 25 हजार तक वाला मोबाइल अच्छी कंडीशन में 10 से 12 हजार में मिल जा रहा है।*

# स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

## केंद्रों के बाद अब घर-घर भ्रमण अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पोलियो से सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल पंडरी में बच्चों को दवा पिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए यह अभियान चलाया जाता है। माता-पिता को अपने पांच वर्ष तक के बच्चे को इस बीमारी से बचाने के लिए यह दवा अनिवार्य रूप से पिलाई चाहिए।

जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. बीके सिन्हा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी, जिला कार्यक्रम प्रबंधन मनीष मेजरवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे। पल्स पोलियो अभियान में रायपुर जिले को 345373 बच्चों को ओरल पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य राज्य कार्यालय से प्राप्त हुआ है। इसके लिए जिले में कुल 1381 बूथ बनाकर 5524 टीकाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। पोलियो की दवा पीने जो बच्चे केंद्रों तक नहीं आए थे, उनके लिए 29 एवं 30 जून को घर-घर भ्रमण किया जाएगा। राज्य के पांच वर्ष तक के 35 लाख 98 हजार 904 बच्चों को पोलियो से बचाव हेतु दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। अभियान के संचालन के लिए 28,791 टीमों के साथ 57 हजार से अधिक वैक्सीनेटर तैनात किए गए हैं।



प्रस्तुति : श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरो चीफ हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला- गरियाबंद, मो. 7987124123

# यूसीसी पर भ्रम फैला रहीं राजनीतिक पार्टियां, मुस्लिम इसका अध्ययन करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय अधिकारी एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संस्थापक इंद्रेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जामा मस्जिद के मुतवल्ली हाजी मोहम्मद इकबाल ने की। कार्यक्रम में राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों की मस्जिदों के मुतवल्ली हजरात तथा समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इंद्रेश कुमार ने बहुत ही सरल और सहज शब्दों में यूसीसी के संबंध में कहा, यूसीसी लागू होने से किसी भी समाज को, विशेष रूप से मुस्लिम समाज को किसी भी प्रकार के धार्मिक और मौलिक अधिकारों पर कोई रोक नहीं होगी, न ही किसी भी समाज को अपने धर्म के अनुरूप इबादत करने पर कोई रोक होगी। यूसीसी के सम्बन्ध में कुछ राजनैतिक पार्टियां अपना स्वार्थ पूरा करने के लिए समाज को भ्रमित कर रही हैं, ऐसी पार्टी, ऐसे लोगों से समाज को बचना चाहिए और यूसीसी का अध्ययन करना चाहिए। समाज में आप जागरूकता ला सकते हैं और देश को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, कुरान में सबसे पहला शब्द इकरा (पढ़ाई) है, इससे प्रेरणा लेकर हम आधी रोटी खाएं, पर बच्चों को पढ़ाएं। पैगम्बर साहब ने कहा, जिस देश में रहो, उससे मोहब्बत करो, उसके कानूनों का सम्मान करो। हमें कुरान और पैगंबर साहब के बताए हुए इस्लाम पर अमल करते हुए एक अच्छा मुसलमान बनकर समाज के सुधार लाने की आवश्यकता है। यूसीसी एक रिफॉर्म व्यवस्था है, जो सभी धर्मों में आई कुछ विसंगतियों को दूर करने में कारगर होगी।

## कार्यक्रम में इंद्रेश कुमार और विभिन्न जिलों की मस्जिदों के मुतवल्ली हुए शामिल

**खास बातें**

- मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की छत्तीसगढ़ में यूसीसी पर एक दिवसीय परिचर्चा
- मुस्लिम समाज ने यूसीसी का स्वागत किया, तीन तलाक और अन्य विषयों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की



### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, महामंडलेश्वर महाराज अजय राम, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, प्रदेश के मुतवल्ली शेख मुबीन, हाजी इदरीस मेमन, हाजी बशीर अहमद, मो. जिलानी, रिजवान खान, हाजी सैयद मोहम्मद अली, मो. जावेद, मो. फिरोज, मो. अशफाक कुरैशी, परवेज सलमानी, मो. परवेज, एसके मोबीन के साथ समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय राज्यमंत्री ने एम्स में संचालित सेवाकार्यों का किया अवलोकन

रायपुर। पांचजन्य संतति विकास समिति द्वारा एम्स अस्पताल में संचालित सेवाकार्यों का अवलोकन केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने रविवार को प्रवास संस्था के शाखा कार्यालय में किया। समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि राज्यमंत्री ने हमारे बीच उपस्थित रहकर समिति के सेवाकार्यों की समीक्षा की। साथ ही जरूरतमंदों की सेवा, जिसमें निशुल्क ब्लड प्रेशर और निशुल्क हीमोग्लोबिन की जांच, रक्त समूह की जांच और निशुल्क रूप से रक्तदान शिविर अनवरत चलते रहें, इसके लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों और विभूतिभूषण पांडे, आशुतोष दुबे, पुष्पेंद्र सिंह, विष्णु अग्रवाल, रमेश मिश्रा, राकेश मनहर, दीपेश साहू, शुभम बघेल, पवन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अभिषेक खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सिंचाई विभाग के ईएनसी 30 जून को होंगे रिटायर

रायपुर। छत्तीसगढ़ जल संसाधन (सिंचाई) विभाग के प्रमुख अभियंता शंकर ठाकुर 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हालांकि उनकी जगह कौन पदस्थ होंगे, नाम अभी तय नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि विभाग में पदस्थ मुख्य अभियंता में से किसी एक को ईएनसी का प्रभार दिया जा सकता है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, दावेदारों में वरिष्ठ मुख्य अभियंताओं के नामों पर विचार किया जा रहा है। इनमें टीके साहू, आरके तिवारी एमएल अग्रवाल, एसके वर्मा के नामों की चर्चा है। वहीं विभाग में मक्सी कुजूर के नाम की भी चर्चा है। अंतिम निर्णय राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठता, उपलब्ध रिक्तियों, सेवा रिकॉर्ड तथा प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर लिया जाएगा। इनमें से मक्सी कुजूर जो पूर्व में एसीबी के मामले में फंसे थे। उन्हें छुईखदान जल संसाधन संभाग में कार्यपालन अभियंता रहते ठेकेदार से पुराने बिल पास कराने के एवज में 45 हजार रुपए का रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा था। मामले में वे जेल भी गए। हाईकोर्ट से अपील कर उन्हें सजा माफी मिली।

## निधन

### प्रवीण कुमार बुरड़

रायपुर। शैलेंद्र नगर रायपुर निवासी



प्रवीण कुमार बुरड़ का 28 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे गौतम, कमलेश के भाई एवं गौरव, प्रभव के पिता थे।

## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट

# छग में निर्माणाधीन 1.40 लाख करोड़ रुपए की 78 केंद्रीय परियोजनाएं, सड़क-रेलवे पर बड़ा दांव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- सड़क, रेलवे और कोयला क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश

छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की 150 करोड़ रुपए या उससे अधिक लागत वाली 78 अवसंरचना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन परियोजनाओं की मूल स्वीकृत लागत 1 लाख 40 हजार,560.91 करोड़ रुपए है, जो समय के साथ बढ़कर कई परियोजनाओं में संशोधित लागत तक पहुंच चुकी है। अब तक इन पर 60 हजार 132.72 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, यानी कुल स्वीकृत लागत का करीब 42.8 प्रतिशत व्यय हुआ है। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय पोर्टल की मई 2026 की राज्यवार रिपोर्ट में सामने आई है।

आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक ध्यान सड़क, रेलवे, कोयला और ऊर्जा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे पर है। यह राज्य की औद्योगिक और खनिज अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की केंद्र सरकार की रणनीति को भी दर्शाता है।

### बिजली और इस्पात क्षेत्र में भी बड़े प्रोजेक्ट

बिजली मंत्रालय की दो परियोजनाओं की मूल लागत 25,321 करोड़ रुपए है, जो बढ़कर 25,897 करोड़ रुपए हो गई है। इन पर 6,692.33 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इस्पात क्षेत्र में छह परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें एक धातु एवं खनन तथा पांच स्टील क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं। दोनों को मिलाकर इनकी संशोधित लागत 11,456.59 करोड़ रुपए है और अब तक 6,388.31 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह निवेश राज्य के इस्पात उद्योग और औद्योगिक कॉरिडोर के विस्तार के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




### स्वास्थ्य, शिक्षा और दूरसंचार में भी निवेश

उच्च शिक्षा की 1 परियोजना (1,188.97 करोड़ रुपए) दूरसंचार की 3 परियोजनाएं (7,147.17 करोड़ रुपए) जल संसाधन की 2 परियोजनाएं (842.26 करोड़ रुपए) स्वास्थ्य क्षेत्र की 3 परियोजनाएं (975 करोड़ रुपए) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की 2 परियोजनाएं (2,769.04 करोड़ रुपए) हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल कनेक्टिविटी और जल संसाधन प्रबंधन को मजबूत करना है।

### कोयला क्षेत्र में 34 हजार करोड़ से अधिक का निवेश

खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ में कोयला मंत्रालय की 14 परियोजनाएं चल रही हैं। इनकी लागत 34,428.39 करोड़ रुपए है और अब तक 12,754.38 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। कोयला उत्पादन बढ़ाने और परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह निवेश महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य देश के प्रमुख कोयला उत्पादक राज्यों में शामिल है और बिजली उत्पादन के लिए इसकी भूमिका रणनीतिक है।

### सड़क और रेलवे पर सबसे बड़ा निवेश

*राज्य में सबसे अधिक 25 परियोजनाएं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की हैं। इनकी मूल लागत 22,236.94 करोड़ रुपए है, जो संशोधित होकर 23,605.50 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। इन परियोजनाओं पर अब तक 8,249.98 करोड़ खर्च हुए हैं। इसके बाद रेल मंत्रालय की 19 परियोजनाएं हैं। इनकी मूल लागत 35,085.53 करोड़ रुपए थी, जो बढ़कर 39,920.60 करोड़ हो गई। इन परियोजनाओं पर अब तक 21,510.52 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। रेलवे क्षेत्र में यह सबसे अधिक संचयी व्यय है। रेल संपर्क बढ़ाने की इन परियोजनाओं का सीधा संबंध राज्य के कोयला, लौह अयस्क और इस्पात उद्योग से माना जा रहा है।*

## उमेश बने माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



महेश छात्रावास स्थित नटवर हॉल में रविवार को रायपुर जिला माहेश्वरी सभा का चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में माहेश्वरी समाज गुढ़ियारी से उमेश राठी को सदन की सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी सुशील लखोटिया द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी श्री लखोटिया ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष उमेश राठी को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश चुनाव अधिकारी संपत काबरा, पर्यवेक्षक कमल राठी, प्रदेश माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सुरेश मुंधड़ा, माहेश्वरी सभा रायपुर, महेश सभा एवं माहेश्वरी समाज गुढ़ियारी के अध्यक्ष, उनकी कार्यकारिणी, रायपुर जिला माहेश्वरी सभा के पदाधिकारी एवं समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल, उपचार के दौरान हुई मौत

रायपुर। पैदल जा रहे एक व्यक्ति की ट्रैक्टर से कुचले जाने पर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उरला पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक कृष्णा राम विश्वकर्मा की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हुई है। मृतक मंगलवार को आरआर इस्पात के अंदर पैदल जा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर सीजी-04, पीक्यू 0772 के चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए पैदल जा रहे कृष्णा राम को कुचल दिया।

## विधायक के नाम सौंपा ज्ञापन समस्या सुलझाने का दिया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- कॉलोनी में सड़क, नल और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव

बोरियाखुर्द स्थित शिव विहार कॉलोनी (आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-4) में लंबे समय से सड़क, नल और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इन समस्याओं लेकर रविवार को कॉलोनीवासियों ने रायपुर ग्रामीण विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू से मुलाकात कर विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान रहवासियों ने कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं से विधायक प्रतिनिधि को अवगत कराया और शीघ्र निराकरण की मांग की। इस पर विधायक प्रतिनिधि श्री साहू ने संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया।

मुलाकात करने वालों में वार्ड 54 के पार्षद प्रतिनिधि तिलकराम साहू सहित कुंती सिदार, लक्ष्मी यादव, देवेंद्र सिदार, विनोद कुमार, शिवशंकर सिंह, अंकित ठाकुर, रीना साहू, राजकुमारी उपाध्याय, दामिनी साहू, मनीषा नागवानी, आंचल ठाकुर, नीलिमा जायसवाल, टिकेश्वर साहू, महेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।




विप्रनगर सेंट्रल मार्ग समिति का एक और कदम, अब पौधारोपण की तैयारी

## सड़कों की पहचान को गति दो और मार्गों पर लगाए बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

स्ट्रीट नंबरों के जरिए रायपुरा की विप्रनगर कालोनी की पहचान सशक्त करने रविवार सुबह दो और मार्गों पर बोर्ड लगाए गए। गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में सेंट्रल रोड समिति ने यह सिलसिला जारी रखा है। दरअसल, सेंट्रल रोड के मार्फत ही कालोनी दो हिस्सों में फैली है। इन दोनों हिस्सों को ए और बी ब्लाक का नाम दिया गया है। इसी सेंट्रल रोड की दोनों तरफ मार्गों की नंबरिंग की जा रही है। रविवार को ब्लाक ए के स्ट्रीट नंबर ए_9 और ब्लाक बी के स्ट्रीट नंबर बी_11 के मुहानों पर बोर्ड लगाए गए। इस अवसर पर जेआर शर्मा, बीके शुक्ला, टीके श्रीवास, संजय शर्मा, रुपेंद्र नायक, दीपक शर्मा, सचिन बिसेन, विजय देवांगन, डालेंद्र बापुरे, टिकेश्वर साहु, मनीष झा, देवेन्द्र देवांगन, अन्नपूर्णा वर्मा, सीता प्रधान, अंजिता देशमुख, सुनीता शर्मा , सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

श्री शर्मा ने बताया कि खल्लारी चौक तक सभी गलियां में जनसहयोग से स्ट्रीट नंबर के बोर्ड लगाए जा रहे हैं ।

### ऐसा संकल्प भी

सभी गणमान्य नागरिकों ने आपस में सुनिश्चित किया कि विप्र नगर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे, पौधे लगाएंगे तथा इन बोर्डो को कोई क्षति नहीं पहुंचने देंगे। छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे लगाते हुए राष्ट्रगान से इस कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## बिजनेस साइट

### नवकार ज्वेलर्स की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य आयोजन

**श्वेता तिवारी ने की ज्वेलरी कलेक्शन की जमकर सराहना**



रायपुर। शहर के प्रतिष्ठित नवकार ज्वेलर्स ने शनिवार को अपनी प्रथम वर्षगांठ बड़े ही उत्साह, भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री श्वेता तिवारी मुख्य आकर्षण रहीं। उनके आगमन पर ग्राहकों और प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

समारोह के दौरान श्वेता तिवारी ने नवकार ज्वेलर्स के पूरे शोरूम का भ्रमण किया तथा गोल्ड, डायमंड और विशेष रूप से लाइट वेट ज्वेलरी के आकर्षक कलेक्शन को करीब से देखा। उन्होंने नवकार ज्वेलर्स के उत्कृष्ट डिजाइनों, विशाल स्टॉक, आधुनिक कलेक्शन एवं उच्च गुणवत्ता की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि यहां हर वर्ग और हर आयु के ग्राहकों के लिए शानदार ज्वेलरी उपलब्ध है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक पल रायपुर की सिंड्रेला लकी ड्रॉ रहा, जिसका शुभारंभ श्वेता तिवारी ने किया। इस प्रतियोगिता में माधुरी, प्रीति जैन, पल्लवी हिरवानी एवं सृष्टि शर्मा को विजेता घोषित किया गया। श्वेता तिवारी ने चारों विजेताओं को अपने हाथों से रायपुर की सिंड्रेला का ताज पहनाकर सम्मानित किया तथा लकी ड्रॉ में जीती हुई आकर्षक डायमंड रिंग भेंट कर उनके इस खास पल को अविस्मरणीय बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्राहकों ने श्वेता तिवारी से मुलाकात की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं तथा मनोरंजन से भरपूर इस भव्य समारोह का भरपूर आनंद लिया। पूरे दिन शोरूम में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर नवकार ज्वेलर्स के संचालक प्रीतम जैन एवं आंचल जैन ने सभी ग्राहकों, शुभचिंतकों एवं शहरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में ग्राहकों द्वारा दिए गए प्रेम, विश्वास और सहयोग ने नवकार ज्वेलर्स को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि आगे भी ग्राहकों को उत्कृष्ट गुणवत्ता, नवीनतम डिजाइनों और भरोसेमंद सेवा के साथ बेहतर खरीदारी का अनुभव प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## पेज 11 के शेष ...

### खत्म हुआ अल्टीमेटम, पर ...

घंटे के अल्टीमेटम का विरोध करते हुए ग्रामीण तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे। आंदोलन का समर्थन करने स्थानीय संगठन रविवार को नकटी गांव पहुंचे। टकराव की स्थिति को देखते हुए रविवार को पुलिस की टीम ग्रामीणों के बीच पहुंची। ग्रामीणों को कानून का हवाला देते हुए शांत रहने अपील की। जारी नोटिस को प्रशासन जब तक वापस नहीं लेगा, तब तक ग्रामीण शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने की अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि प्रशासन का तोड़दस्ता कभी भी आकर उनका आशियाना तोड़ सकता है। स्थानीय ग्रामीण शनिवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिलने भी गए थे। सांसद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। बावजूद इसके ग्रामीणों को आशंका है कि स्थानीय प्रशासन अचानक आकर उन्हें बेदखल कर सकता है।

### किराये के हॉस्टल पर 35 ...

एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। इस दौरान यह माना जा रहा था कि कांग्रेस शासनकाल में स्ट्रक्चर खड़ा होने के बाद अधूरा पड़ा हॉस्टल का काम पूरा होगा और एमबीबीएस के करीब 200 छात्रों को आवास सुविधा मिल जाएगी।

कुछ समय बाद भवन निर्माण के लिए राशि को प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई थी। करीब नौ महीने बीतने के बाद हॉस्टल बनाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। सालों से आधा-अधूरा खड़ा भवन अब जर्जर होने की स्थिति में आ गया है। इधर हॉस्टल नहीं होने की वजह से चिकित्सा छात्रों की परेशानी का मामला जोरों से उठने के बाद कालेज प्रबंधन ने शांति नगर इलाके किराए के भवन की व्यवस्था की है जिस पर हर महीने पांच लाख के हिसाब से सात महीने में 35 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। जानकारों का कहना है कि कालेज परिसर में हॉस्टल बनाना अति आवश्यक है क्योंकि यह किसी भी शिक्षण संस्थान की मूलभूत सुविधाओं में आता है।

### युवती के हाथ-पैर ...

को उसकी मौजूदगी का पता न चल सके। युवती के काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के लोगों के साथ उसकी तलाश शुरू की।

### सोशल मीडिया पर ...

अश्लील गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते हुए वीडियो अपलोड कर रहे हैं। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस कार्रवाई करने की बात कह रही है। ऐसा ही एक वीडियो डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा का वायरल है। यहां के एक युवक ने इंस्टाग्राम पर ऐसा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह खुद को अपराधी की तरह पेश करते हुए कहता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में वो कह रहा है कि हमारा खेल ही निराला है... 302 के खेल में अनगिनत चाकू मारेंगे, चाहे जिंदगी रायपुर सेंट्रल जेल में निकल जाए। वीडियो में युवक के हावभाव और भाषा को लेकर लोगों ने भी आपत्ति जताई है। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो वायरल होने पर पुलिस संज्ञान में लेकर कार्रवाई भी करती है। बावजूद इसके लोगों को आतंकित करने के वीडियो वायरल कर बदमाश अपने साथियों के बीच धौंस जमाने की कोशिश करते हैं। आदतन बदमाशों को पुलिस कार्रवाई का कोई भय नहीं रहता, इस कारण उन्हें जेल जाने का कोई खौफ भी नहीं होता।

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को एतद द्वारा विदित हो कि मेरे पक्षकार श्री राजीव सिंह सेंगर, उम्र-53 वर्ष, पिता श्री सूर्य नारायण सिंह सेंगर निवासी ब्लॉक नंबर-10, फ्लैट नंबर-155, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भावना नगर (शंकरनगर) रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग क्रमांक-02 रायपुर छ.ग. द्वारा दीनदयाल आवास योजना सेजबहार-दतरेंगा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित मकान जिसका मकान नंबर-एल.आई.जी. 784, क्षेत्रफल 94.72 वर्गमीटर है जिसका पंजीयन दिनांक- 08/02/2008 को उप पंजीयन कार्यालय रायपुर छ.ग. के समक्ष किया गया है जिसका पुस्तक क्रमांक-अ-1, ग्रंथ क्रमांक-39258 दस्तावेज क्रमांक-5382 ग है। उक्त मकान/ संपत्ति से संबंधित बैनामा पंजीयन की मूल प्रति स्थान-सेजबहार रायपुर छ.ग. के पास गुम हो गयी है। उक्त बैनामा पंजीयन की मूल प्रति जिस किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होती है तो उसे मेरे नीचे लिखे पते पर लाकर देवें।

अतएव उपरोक्त बैनामा पंजीयन की मूल प्रति का कोई भी व्यक्ति/संस्था, निकाय, बैंक, साहूकार या अन्य के द्वारा दुरूपयोग किया जाता है तो वह अवैध एवं विधि विरूद्ध होकर शून्य करणीय होगी, उक्त कृत्य के लिए मेरा पक्षकार किसी भी भांति से जिम्मेदार नही रहेगा। सो सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 27.06.2026

भवदीय
सुखसेन सिंह चंदेल, अधिवक्ता,
पता- वार्ड क्रमांक-55
कृष्णानगर,रायपुर छ.ग.
मो. नं. 9425519873

**न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

क्रमांक /............/वाचक/तह./2026
मंदिर हसौद, दिनांक 15/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि टीना देवांगन पति संजय देवांगन, निवासी-फाफाडीह रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-गनौद, प.ह.नं.-27, रा.नि.मं.-पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 588/5 रकबा 1275 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलय के माध्यम से क्रय किया गया है जो वर्तमान राजस्व अभिलेख त्रुटिवश रकबा 0.01 हे. अर्थात 1088 वर्गफुट दर्ज है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में रकबा सुधार हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/06/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/........../वाचक/तह./2026**
**मंदिर हसौद, दिनांक 15/06/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि रीना देवांगन पति रविन्द्र किशोर देवांगन, निवासी- दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-गनौद, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं.-पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 588/1 रकबा 1530 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलय के माध्यम से क्रय किया गया है जो वर्तमान राजस्व अभिलेख त्रुटिवश रकबा 0.01 हे. अर्थात 1088 वर्गफुट दर्ज है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में रकबा सुधार हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति का दावा / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/06/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद, जिला - रायपुर



# प्रेम, संयम और सदाचार से ही जीवन में मिलती है सच्ची शांति : संत असंग साहेब

## सोनपैरी आश्रम में आयोजित विशाल सत्संग सभा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम/सोनपैरी

राष्ट्रीय संत असंग साहेब ने रविवार को सोनपैरी आश्रम में आयोजित विशाल सत्संग सभा में हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम, सुख और शांति धन से नहीं खरीदे जा सकते। धन जीवन की आवश्यकता अवश्य है, लेकिन उसके पीछे अंधी दौड़ लगाकर जीवन के मूल्यों को खो देना उचित नहीं है। संत असंग साहेब ने कहा कि धनवान बनना गलत नहीं है, लेकिन रावण जैसा धनवान बनने का कोई अर्थ नहीं। रावण के पास सोने की लंका थी, अपार वैभव था, फिर भी उसका अंत अहंकार के कारण हुआ। इसलिए धन के साथ विनम्रता और सदाचार भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सच्चा भक्त वही है जो कठिन से कठिन संघर्षों को भी मुस्कुराते हुए स्वीकार करे और हर परिस्थिति में नियम, मर्यादा तथा धर्म का पालन करता रहे। संत असंग साहेब ने कहा कि जीवन में कष्ट आना स्वाभाविक है, लेकिन कष्ट मिलने पर भी यदि मनुष्य अपने सिद्धांतों और नियमों से विचलित नहीं होता, तभी उसकी भक्ति सफल होती है। उन्होंने कहा कि संघर्ष मनुष्य को निखारता है और धैर्य उसे महान बनाता है। प्रवचन के दौरान उन्होंने राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की नीयत साफ होनी चाहिए। पद और प्रतिष्ठा मिलने पर अहंकार नहीं आना चाहिए, क्योंकि पद स्थायी नहीं होता। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी बड़े पद पर पहुँचकर लोगों से दुर्व्यवहार करने लगते हैं,घमंड में रहते है, सीधे मुंह बात नही करते लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद वही व्यक्ति उपेक्षित हो जाता है। उनसे कोई मिलना पसंद नही करते।

### सत्संग सभा में पहुंचे कई दिग्गज देवकर साहेब ने संभाला मंच

कार्यक्रम में विशेष रूप से गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त वर्णिका शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, गोपाल यादव, रूपेंद्र साहू, गरियाबंद जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता सोसायटी संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, जेंजरा सोसायटी के अध्यक्ष महेश साहू, पोखरा सोसायटी के अध्यक्ष ललित साहू, हरख राम साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन सोनपैरी आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने किया। मंच पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर राष्ट्रीय संत असंग साहेब का फुल माला और बुके भेंटकर स्वागत सम्मान किया।



### बढ़ती मोबाइल की लत पर जताई चिंता

उन्होंने परिवारों में बढ़ती मोबाइल की लत पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज बच्चे मोबाइल में व्यस्त हैं, बहू अलग मोबाइल चला रही है और सास अलग। इससे परिवारों में संवाद और प्रेम कम होता जा रहा है। उन्होंने लोगों से मोबाइल का सीमित उपयोग करने और परिवार के साथ समय बिताने की अपील की। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि जैसे सोना आग में तपकर कुंदन बनता है, वैसे ही मनुष्य भी ज्ञान की अग्नि से गुजरकर श्रेष्ठ बनता है। पूजा, भक्ति और सत्संग से संस्कारों का निर्माण होता है और संस्कारों से ही जीवन सुधरता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम के मन की बात कार्यकर्ताओं ने सुनी



**अभनपुर।** प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण अभनपुर शक्ति केंद्र 2 के वार्ड 10 में किया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, समाज सेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर रखे गए विचारों को सभी ने सुना और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिय कार्यक्रम में भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला मंत्री संचित तिवारी, मंडल महामंत्री सूरजलाल साहू, शक्ति केंद्र संयोजक लौटन गिलहरे, सह संयोजक सागर साहू, पार्षद रूपनारायण साहू, पार्षद मीना साहू, वरुण राठी, राजा राय, बूथ अध्यक्ष धनेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष सागर बारले, रामचरण चक्रधारी, बूथ अध्यक्ष देवनारायण साहू, रामा साहू, आकाश साहू, लाला भैया, दिनेश साहू, सुयश गिरेपुंजे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्राम रवेली में बच्चों को पोलियो की खुराक दी



**अभनपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम रवेली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को पोलियो पिलाया गया। आरएचओ फलेश्वर साहू ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अति आवश्यक है ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने का संकल्प मजबूत हो सके। उन्होने बताया कि पोलियो अभियान 3 दिवसीय रहता है पहले बूथ स्तर पर फिर जो छूटे हुये बच्चे है उन्हे मितानिन व स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा भ्रमण कर पोलियो पिलाया जाता है ,प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर सरपंच श्रीमती रम्भा दूजलाल साहू, उपसरपंच प्रीतम सोनकर,सीएचओ अनमोल एंड्रस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता साहू, रमा यदु, ज्योति सिंह, गायत्री, चंद्रावती, विमला सहित समस्त मितानिन, ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समस्या : वार्ड क्रमांक 3, 4, 5, 13, 16, 17 और 22 की हालत चिंताजनक

# पहली बारिश ने खोली पालिका की पोल गलियां बनीं तालाब व नालियां उफनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

सीजन की पहली तेज बारिश ने रविवार शाम तिल्दा-नेवरा नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर लोगों के सामने ला दी।

■ निकासी चोक होने से बारिश में गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैला

जून का लगभग पूरा महीना सूखा गुजरने के बाद हुई महज दो घंटे की बारिश ने शहर के कई इलाकों को जलमग्न कर दिया। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बह निकला, कई गलियों में घुटनों तक पानी भर गया और कई सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गईं। लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन गंदगी और जलभराव ने राहत की खुशी पर पानी फेर दिया।

शहर के 22 वार्डों में से अधिकांश वार्ड बारिश के बाद जलभराव की चपेट में आ गए। वार्ड क्रमांक 3, 4, 5, 13, 16, 17 और 22 की गलियों में हालात ऐसे थे कि सड़क और नाली का अंतर तक दिखाई नहीं दे रहा था। जगह-जगह गंदा पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



### झूलेलाल मंदिर के सामने रखा कचरा

वार्ड क्रमांक 5 के निवासी राजेश जेठवानी ने बताया कि बारिश के बाद उनके घर के सामने की नाली का गंदा पानी घर के दरवाजे तक पहुंच गया। वहीं झूलेलाल मंदिर के सामने रखा कचरा बारिश के पानी के साथ बहकर मुख्य सड़क पर फैल गया, जिससे आसपास का पूरा क्षेत्र गंदगी से पट गया।वार्ड क्रमांक 16 में नगर पालिका द्वारा तोड़ी गई पानी टंकी का मलबा अब लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मलबा नालियों में भर जाने से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई और पहली ही बारिश में गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैल गया। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो बरसात के दिनों में व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।बारिश थमने के बाद कई नागरिकों ने जलभराव और गंदगी के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए। लोगों का कहना है कि नगर पालिका के कुछ जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी समय-समय पर झाड़ और रापा हाथ में लेकर सफाई अभियान की तस्वीरें जरूर जारी करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पहली ही बारिश में सामने आ गई। सवाल यह है कि यदि मानसून की पहली बारिश में यह स्थिति है, तो लगातार होने वाली बारिश में शहर का क्या हाल होगा? हालांकि राहत की बात यह रही कि नगर पालिका के नए सीएमओ अमिताभ शर्मा ने पूर्व में स्वयं मौजूद रहकर कुछ बड़ी नालियों की सफाई कराई थी।

### नालियों की सफाई अभियान तेज गति से की जा रही : अमिताभ

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा ने कहा कि शहर में नालियों की सफाई अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर लोग नालियों में कचरा फेंक देते हैं, जिससे पानी की निकासी बाधित होती है। ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बरसात के दौरान नालियों की नियमित सफाई कराई जाएगी और जलभराव रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। अब शहरवासियों की निगाह सोमवार पर टिकी है। देखना यह होगा कि पहली बारिश से मिले इस सबक के बाद नगर पालिका सिर्फ आश्वासन देती है या फिर सफाई व्यवस्था में वास्तव में सुधार दिखाई देता है। शहर की जनता को अब फोटो वाले सफाई अभियान नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाले परिणामों का इंतजार है।वार्ड 16 की पार्षद किरण बाला छाबड़िया ने कहा मै स्वयं वार्ड कासमस्या जानने दौरा कुरुंगी, कई लोगो ने काल कर मुझे अपनी समस्या से अवगत कराया है .रमे वार्ड वासियों की समस्या के समाधान के लिए पालिका प्रशासन से चर्चा करूंगी ।

# यूरिया खाद खाने से रेलवे रैक प्लाइंट पर 3 गौवंशों की मौत



तिल्दा रैक पॉइंट – खाद खाने से मरी गायें
खाद खाने से दर्दनाक मौत
गौसेवकों ने गायों का किया सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

तिल्दा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित रेलवे रैक प्वाइंट की लापरवाही सामने आई, जहां यूरिया खाद खाने से तीन गौवंशों की मौत हो गई। घटना से गौसेवकों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि रैक प्वाइंट के ठेकेदार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सफाई नहीं कराई गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन के लिए रेलवे रैक के माध्यम से यूरिया खाद की खेप पहुंची थी। खाद उतारने के दौरान बड़ी मात्रा में यूरिया जमीन पर बिखर गया। उसी स्थान पर पहले से गिरे चावल को खाने के लिए पहुंचे गौवंशों ने चावल के साथ यूरिया भी खा लिया। कुछ ही देर में मवेशियों की हालत बिगड़ने लगी और एक गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही गौसेवक मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक को बुलाकर दो अन्य गायों का उपचार कराया गया, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद उनकी भी मौत हो गई। बाद में गौसेवकों ने तीनों गौवंशों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया।

■ लोगों में आक्रोश, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे रैक प्वाइंट पर पहले भी खाद और चावल बिखरे रहने के कारण कई गौवंशों की मौत हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। नियमों के अनुसार खाद खाली होने के बाद संबंधित स्थान की तत्काल सफाई कराई जानी चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा लगातार लापरवाही बरती जाती है। बारिश होने पर यूरिया की दुर्गंध से रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। घटना के बाद गौसेवकों और नागरिकों ने रेलवे प्रशासन एवं संबंधित विभाग से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, रैक प्वाइंट पर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## कर्नाटक के राज्यपाल, सीएम साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे शामिल

# सोनपैरी आश्रम में संत कबीर जयंती महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम











महान संत, समाज सुधारक एवं मानवता के अमर पुजारी संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब की जयंती सोनपैरी आश्रम में अभूतपूर्व श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ आज 29 जून सोमवार को होने जा रहा है। इस गरिमामय कार्यक्रम में देशभर से संत-महात्माओं तथा श्रद्धालु आएंगे। सोनपैरी आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता, समरसता और सामाजिक जागरण का विराट संगम होगा। महोत्सव में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब का इस विशेष अवसर पर संत कबीर के जीवन चरित्र के बारे में अमृतवाणी का वर्णन किया जाएगा। उनके पावन सानिध्य में देश-विदेश से आने वाले संत, धर्माचार्य, समाजसेवी, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां सहभागी बनेंगी। पूरे आयोजन के दौरान कबीरवाणी का गायन, सत्संग, भजन, प्रवचन, आध्यात्मिक चिंतन, संत सम्मेलन तथा सामाजिक समरसता पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य संत कबीर के समता, सदभाव,सेवा और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति के मूल मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश भी दिया जाएगा। आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष विचार-विमर्श किया जाएगा।

राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब बिखेरेंगे ज्ञान की अमृतवाणी :बताया कि पूज्य राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज ने प्रदेश एवं देशवासियों से इस आध्यात्मिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार आज भी समाज को एकता, प्रेम,भाईचारे और मानवीय मूल्यों का मार्ग दिखाते हैं। ऐसे में यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी उत्सव साबित होगा। सोनपैरी आश्रम में होने जा रहा यह आयोजन क्षेत्र के सबसे बड़े आध्यात्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में से एक माना जा रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में अभी से भारी उत्साह और उत्सुकता देखने को मिल रही है।

# पंडरभट्ठा में आरपीएल क्रिकेट कल से, आनलाइन आक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूरा

ग्रामीण अंचल में क्रिकेट का उत्साह एक बार फिर चरम पर पहुंचने वाला है। क्रिकेट के गढ़ के रूप में पहचान बना चुके ग्राम पंडरभट्ठा में बहुप्रतीक्षित 'रेनिंग प्रीमियर लीग (RPL) सीजन-3' का आगाज होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी लीग को पहले से अधिक भव्य और व्यवस्थित रूप में आयोजित करने की तैयारी की गई है। टूर्नामेंट की शुरुआत खिलाड़ियों के चयन से होगी। इसके तहत 30 जून, मंगलवार को हाई-टेक ऑनलाइन ऑक्शन (खिलाड़ियों की नीलामी) आयोजित किया जाएगा। इस बार पूरी नीलामी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी, जिससे खिलाड़ी, टीम प्रबंधन और दर्शक आसानी से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। आयोजकों का कहना है कि ऑनलाइन ऑक्शन से निष्पक्षता बढ़ेगी और दूर-दराज के लोग भी इस आयोजन का हिस्सा बन सकेंगे। इस सीजन में कुल 18 टीमें मैदान में उतरेंगी, जिनके बीच रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रत्येक टीम में स्थानीय खिलाड़ियों के साथ-साथ बाहरी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का भी बेहतरीन संयोजन होगा, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और ऊंचा होने की उम्मीद है। इस भव्य खेल महोत्सव के सफल आयोजन में क्षेत्र के प्रसिद्ध क्रिकेटर घनश्याम वर्मा (ब्लैक डायमंड) तथा समस्त ग्रामवासी पंडरभट्ठा सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# डॉ. प्रेमासाई महाराज से अभिनेता सूद ने की भेंट

**अभनपुर।** प्रसिद्ध अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद ने अभनपुर के समीप स्थित माँ मातंगी दिव्य धाम पीठाधीश्वर डॉ प्रेमासाई महाराज से सौजन्य भेंट की। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसंरक्षण, युवाओं के उत्थान तथा बस्तर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए जनसेवा कार्यों के विस्तार पर सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ. प्रेमासाई महाराज ने सोनू सूद का स्वागत करते हुए उन्हें माँ कोत्रवें प्रतिमा स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने



का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने माँ मातंगी दिव्य धाम द्वारा संचालित शिक्षा सहायता, निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा, गौसंरक्षण एवं अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। मुलाकात के दौरान महाराज एवं अभिनेता ने बस्तर सहित विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी अंचलों, युवाओं और जरूरतमंद परिवारों के लिए सेवा कार्यों को मिलकर आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। सोनू सूद ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सबसे बड़ा मानव धर्म है और वे आगे भी अपने सेवा कार्य निरंतर जारी रखेंगे।

## पेज 11 के शेष...

### खत्म हुआ अल्टीमेटम...

घंटे के अल्टीमेटम का विरोध करते हुए ग्रामीण तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे। आंदोलन का समर्थन करने स्थानीय संगठन रविवार को नकटी गांव पहुंचे। टकराव की स्थिति को देखते हुए रविवार को पुलिस की टीम ग्रामीणों के बीच पहुंची। ग्रामीणों को कानून का हवाला देते हुए शांत रहने अपील की। जारी नोटिस को प्रशासन जब तक वापस नहीं लेगा, तब तक ग्रामीण शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने की अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि प्रशासन का तोड़दस्ता कभी भी आकर उनका आशियाना तोड़ सकता है। स्थानीय ग्रामीण शनिवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिलने भी गए थे। सांसद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। बावजूद इसके ग्रामीणों को आशंका है कि स्थानीय प्रशासन अचानक आकर उन्हें बेदखल कर सकता है।

### किराये के हॉस्टल पर...

एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। इस दौरान यह माना जा रहा था कि कांग्रेस शासनकाल में स्ट्रक्चर खड़ा होने के बाद अधूरा पड़ा हॉस्टल का काम पूरा होगा और एमबीबीएस के करीब 200 छात्रों को आवास सुविधा मिल जाएगी। कुछ समय बाद भवन निर्माण के लिए राशि को प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई थी। करीब नौ महीने बीतने के बाद हॉस्टल बनाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। सालों से आधा-अधूरा खड़ा भवन अब जर्जर होने की स्थिति में आ गया है। इधर हॉस्टल नहीं होने की वजह से चिकित्सा छात्रों की परेशानी का मामला जोरों से उठने के बाद कालेज प्रबंधन ने शांति नगर इलाके किराए के भवन की व्यवस्था की है जिस पर हर महीने पांच लाख के हिसाब से सात महीने में 35 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। जानकारों का कहना है कि कालेज परिसर में हॉस्टल बनाना अति आवश्यक है क्योंकि यह किसी भी शिक्षण संस्थान की मूलभूत सुविधाओं में आता है।

### युवती के हाथ-पैर ...

को उसकी मौजूदगी का पता न चल सके। युवती के काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के लोगों के साथ उसकी तलाश शुरू की।

### सोशल मीडिया पर ...

अश्लील गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते हुए वीडियो अपलोड कर रहे हैं। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस कार्रवाई करने की बात कह रही है। ऐसा ही एक वीडियो डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा का वायरल है। यहां के एक युवक ने इंस्टाग्राम पर ऐसा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह खुद को अपराधी की तरह पेश करते हुए कहता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में वो कह रहा है कि हमारा खेल ही निराला है... 302 के खेल में अनगिनत चाकू मारेंगे, चाहे जिंदगी रायपुर सेंट्रल जेल में निकल जाए। वीडियो में युवक के हावभाव और भाषा को लेकर लोगों ने भी आपत्ति जताई है। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो वायरल होने पर पुलिस संज्ञान में लेकर कार्रवाई भी करती है। बावजूद इसके लोगों को आतंकित करने के वीडियो वायरल कर बदमाश अपने साथियों के बीच धौंस जमाने की कोशिश करते हैं। आदतन बदमाशों को पुलिस कार्रवाई का कोई भय नहीं रहता, इस कारण उन्हें जेल जाने का कोई खौफ भी नहीं होता।

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को एतद द्वारा विदित हो कि मेरे पक्षकार श्री राजीव सिंह सेंगर, उम्र-53 वर्ष, पिता श्री सूर्य नारायण सिंह सेंगर निवासी ब्लॉक नंबर-10, फ्लैट नंबर-155, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भावना नगर (शंकरनगर) रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग क्रमांक-02 रायपुर छ.ग. द्वारा दीनदयाल आवास योजना सेजबहार-दतरेंगा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित मकान जिसका मकान नंबर-एल.आई.जी. 784, क्षेत्रफल 94.72 वर्गमीटर है जिसका पंजीयन दिनांक- 08/02/2008 को उप पंजीयन कार्यालय रायपुर छ.ग. के समक्ष किया गया है जिसका पुस्तक क्रमांक-अ-1, ग्रंथ क्रमांक-39258 दस्तावेज क्रमांक-5382 ग है। उक्त मकान/ संपत्ति से संबंधित बैनामा पंजीयन की मूल प्रति स्थान-सेजबहार रायपुर छ.ग. के पास गुम हो गयी है। उक्त बैनामा पंजीयन की मूल प्रति जिस किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होती है तो उसे मेरे नीचे लिखे पते पर लाकर देवें।

अतएव उपरोक्त बैनामा पंजीयन की मूल प्रति का कोई भी व्यक्ति/संस्था, निकाय, बैंक, साहूकार या अन्य के द्वारा दुरूपयोग किया जाता है तो वह अवैध एवं विधि विरूद्ध होकर शून्य करणीय होगी, उक्त कृत्य के लिए मेरा पक्षकार किसी भी भांति से जिम्मेदार नही रहेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 27.06.2026

भवदीय
सुखसेन सिंह चंदेल, अधिवक्ता,
पता- वार्ड क्रमांक-55
कृष्णानगर,रायपुर छ.ग.
मो. नं. 9425519873

### न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

क्रमांक /............/वाचक/तह./2026
मंदिर हसौद, दिनांक 15/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि टीना देवांगन पति संजय देवांगन, निवासी-फाफाडीह रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-गनौद, प.ह.नं.-27, रा.नि.मं.-पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 588/5 रकबा 1275 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलय के माध्यम से क्रय किया गया है जो वर्तमान राजस्व अभिलेख त्रुटिवश रकबा 0.01 हे. अर्थात 1088 वर्गफुट दर्ज है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में रकबा सुधार हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/06/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला - रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/.........../वाचक/तह./2026
मंदिर हसौद, दिनांक 15/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि रीना देवांगन पति रविन्द्र किशोर देवांगन, निवासी- दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-गनौद, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं.-पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 588/1 रकबा 1530 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलय के माध्यम से क्रय किया गया है जो वर्तमान राजस्व अभिलेख त्रुटिवश रकबा 0.01 हे. अर्थात 1088 वर्गफुट दर्ज है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख में रकबा सुधार हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति का दावा / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/06/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद, जिला - रायपुर

### पार्षद पुष्कर आय-जाति प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर के लिए स्वयं पहुंचेंगे घर-घर

**आरंग।** स्कूल खुलने के साथ बच्चों के विभिन्न आवश्यक दस्तावेजों जैसे आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास



प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर एवं सील की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए वार्ड पार्षद पुष्कर साहू द्वारा विशेष पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत अब वार्डवासियों के दस्तावेजों की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाया जाएगा। पार्षद स्वयं वार्ड के घर-घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर एवं सील की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। इसके लिए सभी उनके मोबाइल नंबर से संपर्क कर सकेंगे। पार्षद ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों और पालकों को समय पर सुविधा उपलब्ध कराना तथा अनावश्यक परेशानी से बचाना है।



# एग्रीकल्चर टेस्ट में 70% शामिल, लेकिन डाटा ऑपरेटर भर्ती से 41% नदारद, सूने रहे केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो परीक्षाएं आयोजित की गईं। इनमें से एक प्रवेश परीक्षा रही, जबकि एक भर्ती परीक्षा रही।

- पीएटी के लिए 14,800 छात्रों ने किया था आवेदन

प्रदेश के कृषि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्री एग्रीकल्चर टेस्ट का आयोजन किया गया, जबकि बिलासपुर उच्च न्यायालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा भी आयोजित की गई। पीएटी में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत 70 प्रतिशत रहा, जबकि डाटा ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में विशेष उत्साह देखने को नहीं मिला। इसकी परीक्षा देने 59 प्रतिशत ही पहुंचे।

कम उपस्थिति के कारण कई केंद्र सूने-सूने रहे। पीएटी के लिए व्यापम को 14 हजार 800 आवेदन मिले थे, जबकि डाटा एंट्री ऑपरेटर बनने 21 हजार 600 ने रुचि दिखाई थी। ये आंकड़ें पूरे राज्य के हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी केंद्रों में पेयजल और पंखों की व्यवस्था की गई थी। निर्धारित जांच प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिए गए। पीएटी में प्राप्त अंकों के आधार पर कृषि आधारित पाठ्यक्रमों में छात्रों को दाखिले दिए जाएंगे।

## डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए मिले थे 21,600 आवेदन

### केवल दो जिलों में केंद्र

डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में कम उपस्थिति का एक कारण यह भी रहा कि छग में केवल रायपुर और बिलासपुर में ही इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उच्च न्यायालय बिलासपुर के अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर के 38 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। इनमें से 4 पद दिव्यांगों के लिए आरक्षित हैं। प्रवेशपत्र 22 जून को ही जारी कर दिए गए थे। आवेदकों के लिए कंप्यूटर साइंस में स्नातक तथा संबंधित विषय में एक वर्षीय डिप्लोमा या प्रमाण पत्र अनिवार्य था।



### नीट के कारण रि-शेड्यूल हुई थी परीक्षा

गौरतलब है कि पीएटी का आयोजन पहले 21 जून को कराया जाना था। नीट के प्रश्नपत्र लीक होने के कारण मेडिकल प्रवेश परीक्षा पुनःआयोजित की गई। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 21 जून की तिथि निर्धारित की गई। तिथियों में टकराव के कारण व्यापम ने पीएटी की तिथियों में बदलाव किया। पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथि 21 जून के स्थान पर 28 जून को इसका आयोजन किया गया। हालांकि अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय पूर्व इसकी सूचना दे दी गई थी, इसलिए किसी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई।

## खबर संक्षेप




### रायपुर प्रेस क्लब में आज होगा आम महोत्सव

**रायपुर।** मोतीबाग स्थित रायपुर प्रेस क्लब में 29 जून को आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषिमंत्री रामविचार नेताम होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार साथी शामिल होंगे।

### बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ कल

**रायपुर।** अखण्ड छत्तीसगढ़ सर्वमानव जनसेवा संस्था द्वारा प्रदेश में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण, प्लांटों के प्रस्तावित विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भारी वाहनों के संचालन के विरोध में 30 जून को हनुमान चालीसा एवं सद्बुद्धि शांति पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड क्रमांक-2, टाटीबंध के कार्यालय के समक्ष होगा। यह जानकारी संस्था के प्रदेशाध्यक्ष ललित देवांगन और प्रदेश महासचिव सूरज कुलदीप ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### मेहनत, ईमानदारी और संघर्ष से बनी है गाड़ा समाज की नई पहचान



**रायपुर।** गाड़ा समाज को एकजुट, शिक्षित एवं संगठित करने तथा समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार और नशामुक्ति के संकल्प को लेकर धमतरी जिले के गाड़ापारा में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में समाज के युवाओं को शिक्षा से जोड़ने, नशामुक्ति अभियान चलाने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। अधिवक्ता भगवानू नायक, युवा सामाजिक नेता आशीष तांडी, जयलाल नायक, दुबले तांडी एवं दिनेश तांडी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान समाज के लोगों से मेल-मुलाकात एवं सामाजिक विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

## नगर निगम के तीन जोन में किराए के पानी टैंकर से पेयजल आपूर्ति

# गर्मी में सूख गए 125 बोरवेल, 15 जून के बजाय अब 12 जुलाई तक और चलेंगे किराए के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्मार्ट सिटी से मेट्रो सिटी में तब्दील होने जा रहे रायपुर शहर में जहां पिछली बार गर्मी के सीजन में शहरभर में 50 बोरवेल जलस्तर गहराने से सूख गए थे, वहीं इस बार की गर्मी में शहरभर में 125 बोर ड्राई होने से जल विभाग के अफसर अचंभित हैं। उनका कहना है कि आमतौर पर नगर निगम को गर्मी के सीजन में 15 अप्रैल से 15 जून तक जलसंकट प्रभावित इलाके में लोगों की प्यास बुझाने किराये के पानी टैंकर की जरूरत पड़ती थी। भूजल स्त्रोत में गिरावट आने से पहली बार ढाई माह तक किराये के पानी टैंकर की जरूरत पड़ सकती है, यानी 15 जून की जगह 12 जुलाई तक शहर के जलसंकट प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर का फेरा लगाने की नौबत आने के आसार हैं। वहीं किराये के पानी टैंकर की बढ़ती जरूरत के हिसाब से इस पर ढाई करोड़ तक का खर्च अनुमानित है।

राजधानी में समय पर मानसून नहीं पहुंचने और तेज गर्मी का असर पारंपरिक जलस्त्रोतों पर भी देखने को मिला है। इस बार की गर्मी में शहर के अलग-अलग इलाकों में 125 बोर सूखने से पानी के लिए लोगों को खासी परेशानी हुई। पिछले बार की गर्मी में 50 बोरवेल का जलस्तर काफी नीचे जाने से बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया था। नगर निगम रायपुर के दस जोन में तीन जोन ऐसे हैं, जहां जलसंकट प्रभावित इलाकों में किराये के पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति कराई जा रही है।

**जल विभाग दो माह के लिए करता था पानी टैंकर का ठेका, गर्मी इतनी कि इस बार ढाई माह भी कम पड़ रहे**

**12 जुलाई तक बढ़ सकता है टैंकरों का फेरा**






### शहर में रोज दौड़ रहे 89 पानी टैंकर

शहर के पेयजल संकट प्रभावित क्षेत्रों में आम जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने रायपुर नगर निगम द्वारा प्रतिदिन 89 पानी टैंकर से जल आपूर्ति कराई जा रही है। इनमें से 70 पानी टैंकर किराये पर और 19 नगर निगम के विभागीय पानी टैंकर संचालित किए जा रहे हैं। नगर निगम जोन 5 के भक्त कर्मा माता वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, नगर निगम जोन 3 के नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड, जोन 9 के लालबहादुर शास्त्री वार्ड, मोतीलाल नेहरू वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, नगर निगम जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड, बंजारी माता वार्ड, जोन 2 के वीरांगना अवंति बाई वार्ड सहित अन्य जलसंकट प्रभावित इलाके ऐसे हैं, जहां गर्मी में पेयजल संकट गहराने से पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति कराई जा रही है।

### 50 फीसदी बढ़ गई गर्मी में पेयजल की मांग

*जल विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शहरी इलाकों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर पानी का मानक तय किया है। औसत परिवार में 4 से 5 सदस्य होने पर प्रतिदिन के पानी की कुल जरूरत करीबन 540 से 700 लीटर प्रति परिवार है। इसमें पानी पीना, खाना पकाना, नहाना, कपड़े, बर्तन धोना और टायलेट फ्लशिंग जैसी सभी जरूरतें शामिल हैं। जबकि गर्मी के दिनों में यह खपत 50 फीसदी और बढ़ गई है।*

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी नाराज, 27 जुलाई को संभाग स्तरीय हड़ताल



- वेतनवृद्धि एवं श्रम कानूनों को लागू नहीं करने पर कर्मचारी आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कार्यरत 20 हजार प्लेसमेंट और ठेका कर्मचारी वेतन में बढ़ोतरी, श्रम कानूनों को लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर 27 जुलाई को संभाग स्तरीय हड़ताल करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सफाई, बिजली और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाएं ठप करने की चेतावनी दी गई है।

रविवार को रायपुर में महासंघ की एक अहम प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के शीर्ष पदाधिकारियों, संभाग अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश प्रवक्ता तथा रायपुर नगर निगम के पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय ऐडे के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्लेसमेंट और ठेका कर्मचारियों की वर्षों से लंबित वेतनवृद्धि, नए श्रम कानूनों के क्रियान्वयन तथा अन्य कर्मचारी हितों की लगातार हो रही अनदेखी के विरोध में 27 जुलाई से पूरे छत्तीसगढ़ में संभागस्तरीय चरणबद्ध हड़ताल प्रारंभ की जाएगी।

### ये हुए शामिल

*कार्यकारी अध्यक्ष संजय ऐडे, प्रदेश पदाधिकारी शक्ति वेल, सौरभ यादव, प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु यदु, संभाग अध्यक्ष हीरा चौहान, कौशलेंद्र राणा, राहुल मेढे, दुष्यंत ठाकुर, शैलेंद्र उपगढ़े, विधिक सलाहाकर अजीत कसार, प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष, रायपुर नगर नगर निगम के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।*

### मार्च में घोषणा, अब तक लागू नहीं किए श्रम कानून

बैठक में कर्मचारियों ने इस बात पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि मार्च माह में भारत सरकार द्वारा नए चार श्रम कानूनों को लागू किए जाने की घोषणा की गई थी, पर आज तक उसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो सका है। वहीं दूसरी ओर नगरीय निकायों में वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों की वेतनवृद्धि सहित अन्य मूलभूत मांगों पर भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद ने इस अवसर पर कहा कि हम पिछले दो दशकों से बेहद कम मानदेय पर नगरीय निकायों की रीढ़ बनकर कार्य कर रहे हैं। मार्च माह में नए श्रम कानून लागू करने का भरोसा दिया गया था, पर यह केवल घोषणा बनकर रह गया। अब कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट चुका है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने किया श्रमदान प्रशिक्षण शिविर का आज समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन होगा। 20 जून से शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, एआईसीसी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित कई नेताओं ने जिलाध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने के गुर सिखाए। समापन में एआईसीसी के राष्ट्रीय मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा शामिल होंगे।

कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा, कांग्रेस कनेक्ट सेंटर के प्रभारी शशिकांत सेंथिल और राष्ट्रीय सचिव वामची रेड्डी ने पार्टी की रीति-नीति और संगठन की मजबूती के गुर सिखाए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग में व्याख्यान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी प्रशिक्षण शिविर में व्याख्यान दे चुके हैं। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी प्रशिक्षण शिविर में व्याख्यान दिया।

## एआईसीसी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष आज होंगे शामिल



*समापन में शामिल होंगे खेड़ा : कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर का 29 जून को समापन होने जा रहा है। अंतिम दिन राज्य सभा सांसद एवं कांग्रेस मीडिया विभाग के नेशनल चेयरमैन पवन खेड़ा शामिल होंगे। वे 28 जून की शाम को 9 बजे माना विमानतल पहुंचे। वे अभनपुर में जिलाध्यक्ष के प्रशिक्षण शिविर में 29 जून को अंतिम दिन शामिल होंगे।*

### मनरेगा मजदूरों से हुए रूबरू

कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर के 9वें दिन कांग्रेस नेताओं ने ग्राम लखना में जनसंपर्क अभियान चलाया। राष्ट्रीय महासचिव सचिन राव सहित 40 नए जिलाध्यक्ष मनरेगा कार्यस्थल पहुंचे और मजदूरों के साथ करीब तीन घंटे तक श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा मजदूरों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। श्रमिकों ने रोजगार, मजदूरी और अन्य स्थानीय मुद्दों से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। मनरेगा में हो रहे बदलाव को लेकर चर्चा की गई। बीवी जी रामजी 1 जुलाई से लागू होने को लेकर किए जाने पर मजदूरों से जानने का प्रयास किया।

### जरूरतमंदों को मिले आवास योजना का लाभ

**रायपुर।** पूर्व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि जो आवास के पात्र हैं, उनका सर्वे पूर्व में हो चुका है। पंचायत में ग्रामसभा के माध्यम से उसका अनुमोदन कराना चाहिए। आधे से अधिक जरूरतमंद आवास से वंचित हो जा रहे हैं, फिर ग्रामसभा को विशेष अधिकार देने की बात करते हैं तो कैसी ग्रामसभा, जिसमें पात्र हितग्राहियों के आवास पास नहीं कर सकते। ये पंचायती राज को कमजोर कर सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव के पहले घर-घर जाकर आवास के लिए फार्म भरवाए, अब क्यों विभिन्न जांच के माध्यम से जरूरतमंद आवासहीन लोगों को अपात्र किया जा रहा है। ग्रामसभा की पुनः बैठक कर पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध कर स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे वास्तविक हितग्राहियों को लाभ मिल सके। सभी गांवों में लगातार शिकायत मिल रही है कि सैकड़ों की संख्या में प्रत्येक गांव में हितग्राही छूट गए हैं।

# चुनाव के मध्य हटाए गए यूथ कांग्रेस प्रभारी पठानिया, अब लेंका को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूथ कांग्रेस चुनाव के मध्य छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पठानिया को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर अब छग में यूथ कांग्रेस चुनाव कराने की जिम्मेदारी डॉ.स्मृति रंजन लेंका को दी गई है। 26 जून को प्रदेशाध्यक्ष पद के दावेदारों की सूची अर्थात स्टार परफॉर्मर लिस्ट जारी हुई। इस सूची में अमित पठानिया के स्थान पर डॉ.स्मृति रंजन लेंका के हस्ताक्षर थे। इसके बाद से ही बदलाव की चर्चाएं तेज हो गईं। वहीं जारी की गई सूची को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस सूची को अंतिम माना जा रहा है, लेकिन कुछ अन्य नामों के भी इस सूची में जोड़े जाने की अटकलें हैं।

अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, अमित पठानिया पर पक्षपात के आरोप लग रहे थे। एक गुट विशेष को रियायत देने की बातें सामने आ रही थी। इसे लेकर अंदरुनी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। अनियमितताओं और नाराजगी संबंधित चैट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। स्थितियों को देखते हुए अंततः अमित पठानिया को पूरी चुनाव प्रक्रिया से अलग किए जाने की तैयारी है।

- 26 जून को जारी हुई थी स्टार परफॉर्मर सूची, इस पर भी असमंजस
- सोशल साइट्स पर वायरल हुए थे चैट, अनियमितताओं का आरोप

### बीते माह हुई थी घोषणा

प्रदेश में यूथ कांग्रेस चुनाव की घोषणा 24 मई को हुई थी। प्रदेश सहित जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों का भी चुनाव इसके माध्यम से होगा। इस बार सदस्यता शुल्क में वृद्धि से लेकर नियमों में कई बदलाव भी किए गए हैं। 35 वर्ष से अधिक के कार्यकर्ता यूथ कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। एक पद-एक व्यक्ति नियम भी लागू किया गया है। एक व्यक्ति एक से अधिक पद के लिए दावेदारी पेश नहीं कर सकेगा। चुनाव की घोषणा पश्चात परिसीमन को लेकर भी विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। इसके चलते भी नामांकन प्रक्रिया स्थगित की गई।

### प्रदेशाध्यक्ष व महासचिव के लिए सूची जारी

प्रदेशाध्यक्ष व महासचिव पद के लिए पार्टी द्वारा सूची जारी की गई है। इसे हाई परफॉर्मर लिस्ट नाम दिया गया। साक्षात्कार तथा कार्यकर्ताओं के अब तक के कार्यों के आधार पर यह सूची तैयार हुई। इसके लिए बीते दिनों दिल्ली में इंटरव्यू हुए थे, जबकि कई ने जूम के माध्यम से भी साक्षात्कार में हिस्सा लिया। जिन सदस्यों के नाम हाई परफॉर्मर सूची में हैं, केवल वे ही संबंधित पदों के लिए चुनाव लड़ने पात्र होंगे।

# कबीरधाम अम्लेश्वर में मनाया प्राकट्य उत्सव, आज शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, नवयुवक मंडल, केडीवी मिशन एवं आमिन माता महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजित सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्राकट्य उत्सव रविवार को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सद्गुरु कबीरधाम अम्लेश्वर में किया जा रहा है। इसी कड़ी में 29 जून को राजधानी रायपुर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा रामनगर कबीर चौक से प्रारंभ होकर तेलघानी नाका चौक, स्टेशन रोड, फाफाडीह, देवेंद्र नगर चौक, शास्त्री चौक, मोतीबाग, बैरनबाजार होते हुए सद्गुरु कबीर चौक, सिविल लाइन, कटोरा तालाब में सम्पन्न होगी। शोभायात्रा के उपरांत मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, मेकाहारा चौक, रायपुर में भजन-सत्संग, प्रवचन एवं विशाल भोजन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 28 जून को सद्गुरु कबीरधाम, अम्लेश्वर में प्रथम बार कबीरपंथ के 16वें वंशाचार्य पंथ हुजूर उदितमुनि नाम साहेब के पावन सानिध्य में सात्विक यज्ञ, चौका आरती एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



## अपनी संस्कृति और मूल्यों से समाज को जोड़कर पहचान को और मजबूत कर सकता है भारत : कुमार

# सीएम साय बोले- लोकतंत्र सेनानियों का त्याग नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को राजधानी रायपुर स्थित डीडीयू ऑडिटोरियम में आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष पर आधारित स्मारिका "आपातकाल के योद्धा" का विमोचन किया तथा आपातकाल पर आधारित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंद्रेश कुमार ने लोकतंत्र, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन मूल्य है, जिसे समझने और निभाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा, यह समय भारतीय लोकतंत्र के लिए एक कठिन परीक्षा का काल था, जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ा। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा, उन लोगों ने जेल, यातनाओं और कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोकतांत्रिक आदर्शों को जीवित रखा। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे देश की एकता, अनुशासन और सामाजिक समरसता को मजबूत करें तथा नशामुक्त और स्वच्छ समाज के निर्माण में योगदान दें।

### आपातकाल लोकतंत्र के लिए चुनौती : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती था। उन्होंने प्रेस सेंसरशिप, मौलिक अधिकारों के निलंबन और संविधान संशोधनों का उल्लेख करते हुए कहा, यह समय लोकतंत्र की मजबूती और जागरूकता का प्रतीक बनकर सामने आया। आपातकाल हमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है।



### इस विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करना प्रशंसनीय : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह कालखंड है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और जेल जीवन की कठिनाइयों को याद करते हुए कहा, इन लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल स्मरण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को सचेत करना है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की धरती हमेशा से संघर्ष, संस्कृति और परंपरा की भूमि रही है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रही है।

### निबंध प्रतियोगिताः जागृति और कल्याणी रहीं प्रथम

कार्यक्रम के दौरान आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 540 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय स्तर पर 'आपातकाल कभी विस्मृत न हो' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में जेआर दानी गर्ल्स स्कूल रायपुर की जागृति जांगड़े प्रथम, विवेकानंद विद्यापीठ कोरबा के सूरज तांडिया द्वितीय तथा अग्रसेन इंटरनेशनल स्कूल दुर्ग के अंश देशमुख तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महाविद्यालय स्तर पर '25 जून : संविधान हत्या दिवस' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रायपुर की कल्याणी पटले प्रथम, रायगढ़ की सीमा साव द्वितीय तथा दुर्ग की खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं।



## लाइव इवेंट

# मेनोपॉज के समय महिलाएं रखें अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल



**महिलाओं के स्वस्थ जीवन और बेहतर उम्र बढ़ने पर मेनोपॉज कॉन्फ्रेंस**

**रायपुर।** रायपुर मेनोपॉज़ सोसायटी द्वारा ईस्ट ज़ोन मेनोपॉज़ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। आयोजन का विषय मिडलाइफ रीसेट : विज्ञान, शक्ति और टिकाऊ स्वास्थ्य रखा गया। इस कॉन्फ्रेंस में देशभर से लगभग 250-300 डॉक्टरों, विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि आज महिलाओं की औसत आयु बढ़ रही है और वे अपने जीवन का एक-तिहाई से अधिक समय मेनोपॉज़ के बाद बिताती हैं। मेनोपॉज़ केवल हार्मोन में बदलाव नहीं है, बल्कि इसका असर हृदय, मधुमेह, हड्डियों, मांसपेशियों और पूरे शरीर के स्वास्थ्य पर पड़ता है। मेनोपॉज़ के बाद कई प्रकार के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए, महिलाओं को इस समय विशेष स्वास्थ्य देखभाल और सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। सम्मेलन में इंडियन मेनोपॉज़ सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. सुधा शर्मा विशेष रूप से शामिल हुईं। वहीं, इंडियन मेनोपॉज़ सोसायटी की महासचिव डॉ. ज्योति जायसवाल ने सम्मेलन के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रायपुर मेनोपॉज़ सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. आशा जैन, सचिव डॉ. शालिनी जैन, डॉ. रश्मि सूद, डॉ. मोनिका पाठक और डॉ. आभा सिंह ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### 200 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लिया भाग

*इस सम्मेलन में कश्मीर से लेकर चेन्नई और कोलकाता से लेकर अहमदाबाद, नागपुर, हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम, सूरत, पटना, बेंगलुरु, भोपाल, ओडिशा और बिलासपुर सहित देश के विभिन्न शहरों से आए लगभग 200 विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। सम्मेलन में कैंसर, मधुमेह, हॉट फ्लशेस, हड्डियों की कमजोरी, हृदय स्वास्थ्य और स्वस्थ वृद्धावस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।*

## कबीर की सबद, साखी, रमैनी हर युग में प्रासंगिक, मेरी 6वीं पीढ़ी भी कबीर भजन गायन में समर्पित

# मन लागो मेरो यार फकीरी में...कबीर भजन के रहस्य को जानने 15 साल की सूफी गायन की साधना

> 'मन लागो मेरो यार फकीरी में, जो सुख पायो राम भजन में, सो सुख नाहिं अमीरी में...' कबीर के इस भजन पद में आए 'यार फकीरी' के अर्थ को जानने की जिज्ञासा ने मुझे कबीर-भक्ति में रमा दिया। इस रहस्य का बोध मुझे तब हुआ जब मैं 15 वर्षों तक सूफी गायन की साधना में लीन रहा। इसके बाद ही मैं जान पाया कि इस दुनियादारी में 'यार' का अर्थ ईश्वर है और 'फकीरी' का अर्थ उनकी भक्ति करना है।



**रायपुर।** जब मुझे मालूम पड़ा कि इस कबीर भजन का अर्थ ही संसार में जीवन का सार है, तो मैंने अपनी चार पीढ़ियों से चली आ रही कबीर सद्गुण-निर्गुण भजन की परंपरा को पांचवीं पीढ़ी के रूप में पहली बार एक नए प्रयोग के साथ क्लासिकल, फोक और सुगम संगीत शैली में जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आज कबीर जयंती के अवसर पर 'हरिभूमि' समाचार पत्र के साथ बातचीत में 58 सालों से देश-दुनिया में कबीर भजन की अलख जगाने वाले पद्मश्री डॉ. भारती बंधु ने अपनी इसी यात्रा को साझा किया। उन्होंने बताया कि 67 वर्ष की आयु में भी वे आज प्रतिदिन 1 घंटे तक उसी भक्ति-भाव और लग्न से कबीर जी के भजनों की साधना करते हैं। अब इस 6ठी पीढ़ी की कबीर भजन गायन परंपरा को उनके पुत्र आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश में कबीर भजन की परंपरा को सहेजने और आगे बढ़ाने का पुनीत कार्य कर रहे अन्य लोकप्रिय भजन गायकों ने भी अपनी सदगुण-निर्गुण भजन की यात्रा को साझा किया।



### यूट्यूब पर सबसे लोकप्रिय कबीर भजन गायक

बिलासपुर जिले के टिकरापारा के रहने वाले यूट्यूब पर सबसे लोकप्रिय कबीर भजन गायक जगदीश दास महंत बताते हैं कि वह बचपन से ही कबीर भजन गायन के सानिध्य में रहे हैं। उन्होंने पेशेवर कबीर भजन गायक के तौर पर 1993 से मंचों पर प्रस्तुति देना व म्यूजिक एल्बम की रिकॉर्डिंग शुरू की। उन्होंने बताया कि वह कबीर की सबद, साखी और रमैनी को उसी भाव के साथ आज की पीढ़ी और जनमानस की सरल भाषा में भजन गायन के माध्यम से पहुंचाने के प्रयास में खुद को समर्पित किए हुए हैं। वह देश भर में कबीर भजन गायन की प्रस्तुति दे चुके हैं। यूट्यूब में उनके कबीर भजनों को देश-विदेश के लोग आज बड़ी संख्या में सुन रहे हैं।

### अमृतवाणी को जन-जन तक पहुंचाने में दे रहें योगदान



छत्तीसगढ़ राज्य में कबीर पंथ और उनकी साखियों की गहरी परंपरा है। राज्य के प्रमुख और लोकप्रिय कबीर भजन गायकों में भिलाई निवासी नवलदास मानिकपुरी और अनुसुईया मानिकपुरी हैं, जो कबीर भजनों और सतनाम भजनों के लिए जाने जाते हैं। इनका प्रसिद्ध भजन 'सत्यनाम गाले जी...' काफी लोकप्रिय है। वहीं, राजनांदगांव क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन गायक कांति-कार्तिक यादव अपनी भावपूर्ण कबीर वाणी और भजनों के लिए जाने जाते हैं। इनके अलावा सुखसागर दास पारंपरिक कबीर भजन गायन के लिए जाने जाते हैं, जिनका भजन 'भजो रे मन सत्यकबीर...' बेहद लोकप्रिय कबीर भजनों में से एक है।

### शासन स्तर पर भी मिले कबीर भजन गायकों को प्रोत्साहन

कबीर भजन गायकों का कहना है कि प्रदेश में जितने भी कबीर भजन गायक हैं, उन्हें यह भजन गायन की कला या तो विरासत में मिली है या फिर स्वयं कबीर जी की वाणी से प्रेरित होकर वे भजन गायन में लगे हुए हैं। ऐसे में संपूर्ण मानव सभ्यता को श्रेष्ठ जीवन की सीख देने वाली इस भक्ति एवं ज्ञान की परंपरा को प्रचारित व प्रसारित करने और नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए शासन स्तर पर प्रोत्साहित करने की बहुत आवश्यकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि भजन गायन से जुड़े व्यक्ति की अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी भी होती है। यह गायन कला विशुद्ध रूप से भक्ति और ज्ञान से जनमानस को जागरूक करने का पुनीत कार्य है। ऐसे में इन भजन गायकों को प्रोत्साहित किया जाना सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

## सिटी इवेंट

# पॉवर-असिस्ट रोबोटिक तकनीक निशक्तजनों को बनाएगा सक्षम



**एनआईटी में न्यूरोरिहैबिलिटेशन एवं न्यूरोसाइंस पर डिस्टिंग्विश्ड लेक्चरर्स प्रोग्राम का आयोजन**

**रायपुर।** एनआईटी में न्यूरोरिहैबिलिटेशन एवं न्यूरोसाइंस पर डिस्टिंग्विश्ड लेक्चरर्स प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. समीर बाजपेयी रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को न्यूरोरिहैबिलिटेशन, सहायक प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स एवं न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों के साथ संवाद एवं ज्ञान-विनिमय का एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना रहा। व्याख्यान श्रृंखला में दो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। श्रीलंका के यूनिवर्सिटी ऑफ मोरातुवा के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग स्थित बायोनिक्स प्रयोगशाला के प्रो. रुवान गोपुरा ने शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधारः पावर-असिस्ट रोबोटिक प्रणालियों की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने रोबोटिक सहायक प्रणालियों में हो रही नवीनतम प्रगति तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग एवं कमजोर व्यक्तियों की गतिशीलता, आत्मनिर्भरता और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। दूसरा विशिष्ट ऑनलाइन व्याख्यान इटली के इटालियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रो. मरियाना सेमप्रिनी द्वारा न्यूरोरिहैबिलिटेशन में विश्वसनीय मूल्यांकनः चुनौतियां एवं भविष्य की दिशाएं विषय पर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने पुनर्वास चिकित्सा में साक्ष्य-आधारित एवं विश्वसनीय मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए उभरती हुई कार्य प्रणालियों, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

### डिजिटल हेल्थ के क्षेत्रों में सार्थक विमर्श

डिस्टिंग्विश्ड लेक्चरर्स प्रोग्राम का संचालन रूपल गुप्ता और भाग्यश्री नायडू ने किया। कार्यक्रम एनआईटी रायपुर की अंतर्विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने, अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने तथा अभियांत्रिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के संगम पर नवाचार को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कार्यक्रम बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स, न्यूरोसाइंस तथा डिजिटल हेल्थ के क्षेत्रों में सार्थक विमर्श को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नए शोध एवं सहयोग के अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# युवाओं को एआई से सशक्त बनाने बताई गई नई तकनीक



**रायपुर।** विद्यार्थी, युवा एवं व्यवसायियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक की नई जानकारी से जोड़ने के लिए रविवार को शांति नगर स्थित विमतारा हॉल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोशल सेलर अकादमी की इस पहल का उद्देश्य युवाओं को रोजगार-सक्षम और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना था। संस्था का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ के युवा उन्नत तकनीक का उपयोग करने में देश भर में एक नई पहचान स्थापित करें। इस कार्यशाला के माध्यम से लक्षित सेठिया और उनके सहयोगियों ने युवाओं को 30 तरह की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी।वहीं, आयोजन को सफल बनाने में पंखुरी अग्रवाल, आशुतोष पाल, अमृता शर्मा, वंशिका पांडेय और प्रफुल्ल बंसोड़ ने सार्थक प्रयास किया।



### कॅरियर को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया

सोशल सेलर अकादमी के लक्षित सेठिया ने युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से आधुनिक तरीके से मजबूत करने, सीखने के तरीके अपनाने, डिजिटल रोजगार के अवसर प्राप्त करने और कठिन कार्यों को सरल और स्मार्ट तरीके से करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाली तकनीकी चुनौतियों और समस्याओं के बारे में जागरूक किया गया। उनके समाधान के लिए 30 से अधिक प्रभावी एआई रणनीति और व्यावहारिक उपाय बताए गए। समाधान के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक का सही उपयोग करके अपनी पढ़ाई, कौशल विकास और कॅरियर को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

# मुख्यमंत्री आईटी फेलोशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 जुलाई तक बढ़ी

**रायपुर।** तकनीकी शिक्षा को सुशासन और नवाचार से जोड़ने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आईटी फेलोशिप 2026 के अंतर्गत एम.टेक. (डाटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जुलाई 2026 कर दी गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 1 जुलाई निर्धारित थी। यह कार्यक्रम नवा रायपुर स्थित ट्रिपलआईटी में संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को प्रतिमाह 50,000 की फेलोशिप प्रदान की जाएगी। साथ ही उनकी ट्यूशन फीस का संपूर्ण व्यय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री आईटी फेलोशिप कार्यक्रम की विशेषता यह है कि विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों में वास्तविक परियोजनाओं पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा तथा शासन की डिजिटल सेवाओं और नवाचार आधारित पहलों में योगदान देने का अवसर भी मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी, जिनका मूल निवास छत्तीसगढ़ का हो, 7 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए ट्रिपलआईटी -एनआर की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण का अवलोकन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 0771-2474048 एवं 0771-2474182 पर संपर्क किया जा सकता है।

## हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया सोयर कैफे एंड रेस्टोरेंट का शुभारंभ

# युवाओं को मिला नए स्वाद का ठिकानाः 'सोयर रेस्टोरेंट' में खाने के शौकीनों को चखने मिलेंगे पैन-एशियन और जापानी जायके

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बदलते समय के साथ रायपुर के युवा हमेशा बेहतरीन स्वाद और नई जगहों की तलाश में रहते हैं। फूड लवर्स की इसी तलाश को पूरा करने के लिए रविवार को वीआईपी रोड पर सोयर कैफे एंड रेस्टोरेंट का शानदार शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और फीता काटकर इस नए कैफे का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने शुभकामनाएं दी। भव्य आतिशबाजी के साथ हुए इस ग्रैंड ओपनिंग के दौरान बड़ी संख्या में युवा और शहरवासी मौजूद रहे, जिन्होंने यहां की खास सुविधाओं और डिशेस का अनुभव लिया।



### कई विदेशी जायके भी चखने को मिलेंगे

रेस्टोरेंट के संचालक आशीष राठौर और परविंदर सिंह खनूजा ने बताया कि वैसे तो वीआईपी रोड पर कई कैफे मौजूद हैं, लेकिन उनका उद्देश्य शहरवासियों को बिल्कुल नया और अलग स्वाद देना है। यहां फूड लवर्स को शानदार इंडियन डिशेस के साथ-साथ कई विदेशी जायके भी चखने को मिलेंगे। खासतौर पर रायपुर के युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए जापानी, एशियन और पैन-एशियन डिशेस को मेन्यू में खास जगह दी गई है। इसके अलावा फास्ट फूड में भी कई नई और लाजवाब वैरायटी ग्राहकों को परोसी जाएंगी। उद्घाटन के मौके पर पहुंचे युवाओं ने भी कहा कि उन्हें शहर में नए स्वाद एक्सप्लोर करना बहुत पसंद है और इस कैफे का नया आउटलेट उन्हें काफी आकर्षित कर रहा है।

### इंडोर और आउटडोर सिटिंग व्यवस्था

सस्वाद के साथ-साथ सुकून भरे पल बिताने के लिए रेस्टोरेंट में बेहतरीन इंडोर और आउटडोर सिटिंग व्यवस्था की गई है। महानगरों की तर्ज पर खूबसूरत गार्डनिंग के साथ एक आकर्षक ओपन-एयर कैफे तैयार किया गया है। खुले आसमान के नीचे आकर्षक लाइट्स और हरियाली के बीच बैठकर लोग अपने लंच, कॉफी और विभिन्न जायकों का लुत्फ उठा सकते हैं। प्राकृतिक पौधों से सजी यह जगह ग्राहकों को सुकून और शांति का एहसास कराएगी। इसके साथ ही कैफे में बार की भी विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो इसे हैंगआउट और वीकेंड एन्जॉय करने के लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन बनाता है।



## इवेंट लाइव

# शिक्षा और शोध के क्षेत्र में प्रतिभावान भारतीय युवा विदेशों में लहरा रहे परचम





**रायपुर।** नव छत्तीसगढ़ साहित्य, संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में वृंदावन सभागार में प्रतिभा पलायन विषय पर वैचारिक विमर्श और भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रतिभा पलायन के कारणों और स्वदेश में अवसरों की कमी पर गंभीर मंथन किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता रहे और अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. संजीव कुमार ठाकुर ने की। डॉ. ठाकुर ने कहा कि युवाओं का विदेशों की ओर आकर्षित होना आज समय की मांग है, लेकिन अपनी मातृभूमि और संस्कृति से जुड़ाव बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। मुख्य अतिथि डॉ. गुप्ता ने कहा कि पलायन का उद्देश्य सिर्फ व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि देश का विकास भी होना चाहिए।

### अमेरिका से आए डॉ. तिवारी ने बताई जमीनी हकीकत

विशिष्ट अतिथि अमेरिका में सेवाएं दे रहे रायपुर के युवा डॉ. आदित्य नारायण तिवारी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बेबाकी से कहा कि प्रतिभा पलायन की मुख्य वजह शासन द्वारा योग्य लोगों को उचित स्थान व सम्मान न देना और आरक्षण है। इसी वजह से भारत की बड़ी प्रतिभाएं विदेशों में परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि मल्टीनेशनल कंपनियों में अत्यधिक काम के दबाव से युवाओं का शोषण हो रहा है और देश में रिसर्च से पहले रेवेन्यू (कमाई) पर जोर दिया जाता है, जबकि विदेशों में रिसर्च के लिए बेहतर माहौल दिया जाता है। पूर्व डीआईजी डॉ. किशोर अग्रवाल और डॉ. गिरजाशंकर गौतम ने प्रतिभाओं को देश में ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

## धर्म लाइव

# श्रीमद् भागवत कथा के लिए विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडेरेशन द्वारा 8 जुलाई से 14 जुलाई तक बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में देवकीनंदन जी ठाकुर के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर रविवार को विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक अग्रसेन भवन, जवाहर नगर में संपन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गुप्ता, अग्रवाल, माहेश्वरी, खंडेलवाल, जैन, साहू, ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें कथा प्रारंभ के प्रथम दिन प्रातः 9 बजे विशाल कलश यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि कलश यात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर इंडोर स्टेडियम पहुंचेगी। इस दौरान ढोल, बैंड पार्टी, राउत नाचा के साथ भगवान राधा-कृष्ण की सजीव झांकी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम को सरल मोदी, गोकुलदास डागा, विजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कृतिका जैन, संतोष शुक्ला, संजय चौधरी, सतीश मिश्रा, रेखा साहू ने संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से सुभाष साहू, मनमोहन अग्रवाल, प्रकाश माहेश्वरी, राजीव अवस्थी, अशोक गुप्ता, नवीन लोढ़ा, सुब्रत घोष, रोशनी मिश्रा, विनोद अग्रवाल, अशोक जैन, विजय सांखला, योगेश चांडक, अजय सोनी, ममता सोनी, रश्मि साहू, नीलिमा साहू, मुकेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

# सीए विद्यार्थियों ने किया आरबीआई का भ्रमण, मुद्रा प्रबंधन को समझा



**रायपुर।** चार्टर्ड अकाउंटेंट के विद्यार्थियों के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आरबीआई की कार्यप्रणाली, मौद्रिक नीति, मुद्रा प्रबंधन तथा देश की अर्थव्यवस्था में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। मीडिया प्रभारी शंकर सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए कक्षा में पढ़े गए विषयों को वास्तविक रूप में समझने का एक उत्कृष्ट अवसर रहा। विद्यार्थियों ने आरबीआई भवन की भव्य वास्तुकला और दीवारों पर की गई सुंदर हस्तशिल्प कलाकृतियों की भी सराहना की, जिसने सभी को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए कई व्यवस्था की गई, जिसकी विद्यार्थियों ने सराहना की। ब्रांच ने इस आयोजन में सहयोग, समन्वय एवं आतिथ्य के लिए आरबीआई के डायरेक्टर और असिस्टेंट डायरेक्टर सहित अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सीए विद्यार्थियों ने चैयरमैन सीए सुखदेव राठी, सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल, तलविंदर सिंह सहित सभी के विशेष योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं सभी के संयुक्त प्रयासों से यह भ्रमण सफल और यादगार बन सका। ब्रांच के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव, दर्शन के लिए सुबह से दोपहर तक रही भीड़

# मानव जीवन मिलना संयोग नहीं, जन्म-जन्मांतर की यात्रा, गुरु सत्संग में उमड़ा भक्तों का सैलाब

'विश्व जागृति मिशन द्वारा परसदा स्थित ब्रह्म लोक आश्रम में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में रविवार को गुरु दर्शन, पूजन और उनके आशीष वचन सुनने के लिए सुबह 07 बजे से दोपहर 02 बजे तक भक्तों का सैलाब उमड़ा। इस शुभ अवसर पर हजारों भक्त गुरु दर्शन एवं आशीर्वचन सुनने के लिए सपरिवार पहुंचे, जिससे वहाँ महोत्सव जैसा माहौल बन गया। इनके बीच आचार्य सुधांशु जी महाराज ने कहा कि जन्म-जन्मांतर की यात्रा करने के बाद यह मानव चोला मिला है। संयोग यह भी है कि धर्म पथ पर चलने के लिए गुरु का सानिध्य भी मिला है।'



### भगवान के नाम स्मरण से समाप्त हो जाएगी मलिनता

आचार्य ने कहा कि जीवन में गुरु की प्राप्ति होना भी कोई साधारण बात नहीं है, बल्कि यह ईश्वर की कृपा का संकेत है। नित्य परमात्मा के नाम का जाप करने से हमें आत्मिक शक्ति प्राप्त होती है। इसे आत्म-कल्याण का मार्ग बताते हुए आगे कहा कि जब मनुष्य नियमपूर्वक आसन पर बैठता और प्रभु का नाम जपता है, तो उसकी आत्मा की मलिनता खत्म और पवित्रता के भाव जागृत होने लगते हैं। भगवान के नाम स्मरण से न केवल आत्मा शुद्ध होती है, बल्कि आंतरिक रूप से शक्ति भी मिलती है। इसके प्रभाव से संसार के सभी काम को लोग ईश्वर को साक्षी मानकर करते हुए सफल भी होते हैं।



**रायपुर।** दो दिवसीय महोत्सव की कड़ी में अंतिम अवसर का लाभ लेने के लिए ब्रह्म लोक आश्रम के सत्संग भवन में उत्सव का माहौल बना। जहां आचार्य श्री महाराज ने आगे कहा कि मानव का चोला हम-सभी को आंतरिक रूप से सबल बनने और जीवन को सार्थक बनाने में हमें सक्षम बनाता है। मानव जीवन में गुरु की प्राप्ति कोई साधारण संयोग नहीं, बल्कि कई जन्म-जन्मांतर की यात्रा का पुण्य है। इसलिए हमें नित्य आसन पर बैठकर भगवान का नाम जपने का उपक्रम पवित्र मन से करना चाहिए। यह नित्य कर्म हम सभी को आंतरिक रूप से शक्तिशाली बनाता है। गुरुदेव ने कहा कि किसी के साथ निर्दयी बनकर नहीं, बल्कि दया, सेवा और सहानुभूति के साथ जीवन जिएं। अनंत योनियों और जन्म-जन्मांतर की यात्रा के बाद यह दुर्लभ मानव जीवन प्राप्त हुआ है।



### मनुष्य के भीतर दया के भाव स्वयं जागृत होंगे

महाराज ने सत्संगियों के बीच कहा कि जब मनुष्य पुण्य आत्मा, धर्मात्मा और सच्चा भक्त बनता है, तभी भगवान स्वीकार करते हैं। ईश्वर के समक्ष शरणागत होने के बाद मनुष्य के भीतर दया का भाव स्वयं जागृत हो जाता है। सेवा, साधना और सहयोग, सत्संग में विशेष जोर दिया। जब जीवन में सेवा, साधना, सहयोग और सहानुभूति जैसे सद्गुण आते हैं, तभी इस जीवन में घटने वाली घटनाएं शुभकारी होती हैं। निर्दयता के भाव को छोड़कर आंतरिक रूप से सबल बनने का संदेश देते हुए कहा कि आज के दौर में इंसान को निर्दयी बनकर जीने से बचना चाहिए। बाहरी परिस्थितियों से घबराने की बजाय हर व्यक्ति को आंतरिक रूप से सबल बनने का प्रयास करना चाहिए। तभी जनकल्याण और आत्म-साक्षात्कार संभव होगा।

### कैलाश मानसरोवर निर्माण का अवलोकन

दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का साक्षी बनने धर्म प्रेमियों और गुरु भक्तों का रायपुर में तांता लगा। इनकी उपस्थिति में गुरु दर्शन, गुरु पूजन, सत्संग एवं गुरु महाआरती के साथ भक्तिमय महोत्सव का समापन हुआ। इसमें रायपुर व दिल्ली से आए भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा, जिसमें सभी सत्संगी मंत्र मुग्ध हुए। विश्व जागृति मिशन के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि सर्वप्रथम आश्रम पहुंचकर सुधांशु जी महाराज ने कैलाश मानसरोवर निर्माण का अवलोकन किया। मंडल के प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए, साथ ही ओडिशा के शिल्पकारों को आशीर्वाद प्रदान किया।

---

## ग्रामीण परिवेश में झोपड़ी निर्माणशैली की जीवंत झलक



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में ग्रामीण परिवेश में पारंपरिक आवास निर्माण की झलक आकर्षण का केंद्र बन रहा है। सहज व सरल रूप से उपलब्ध स्थानीय संसाधनों में बांस, घास-फुंस का उपयोग कर तैयार झोपड़ी की निर्माणशैली को जीवंत किया गया है।





# वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश नाथ पांडेय 'स्व. कमलनारायण स्मृति सम्मान' से विभूषित

**रायपुर।** शहीद स्मारक भवन में 'ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था' द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर रायपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश नाथ पांडेय को विधि के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'स्व. कमलनारायण शर्मा स्मृति सम्मान' से विभूषित किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष न्याय के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाले चुनिंदा अधिवक्ताओं को प्रदान किया जाता है। समारोह में यह सम्मान श्री पांडेय को देश के जाने-माने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व राष्ट्रीय विचारक अश्विनी उपाध्याय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश दीपक तिवारी, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र, पूर्व आईएएस अनुराग पांडेय और स्व. कमलनारायण जी की सुपुत्री श्रीमती सविता पाठक द्वारा प्रदान किया गया। इस गरिमामय आयोजन में संस्था के संरक्षक अजय शर्मा, अध्यक्षा सुषमा तिवारी और सचिव ममता शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, शिक्षक, डॉक्टर, विद्यार्थी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने श्री पांडेय को शुभकामनाएं दीं।



### जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में निरंतर सक्रिय

अपनी विधिक सूझबूझ, अनुशासन और प्रशासनिक दक्षता के लिए पहचाने जाने वाले श्री बृजेश नाथ पांडेय रायपुर की न्यायपालिका में एक जाना-माना नाम हैं। वे वर्ष 1993 से रायपुर जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में निरंतर सक्रिय हैं। इस लंबे अनुभव के दौरान वे अधिवक्ता संघ रायपुर के सह-सचिव और अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष जैसे अहम पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे स्टेट बार काउंसिल के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। समाज के गरीब और जरूरतमंद तबके को मुफ्त कानूनी सलाह और न्यायालय में उनकी पैरवी करना श्री पांडेय की विशेष पहचान है। 'न्याय, सेवा और समाज के प्रति समर्पण' को अपना जीवन मंत्र मानने वाले श्री पांडेय को मिला यह सम्मान उनके नेतृत्व और निस्वार्थ सेवाभाव की एक बड़ी सराहना है।

**ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने शहीद स्मारक भवन में किया सम्मान समारोह का आयोजन**

---

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में सुहाना सफर-एन एडवेन्चर इन टू अवेयरनेस का आयोजन

# जीवन में कुछ पाना चाहते हैं तो दूसरों को देना सीखें, प्रकृति का स्वभाव है देना

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में 'यात्री कृपया ध्यान दें' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के यातायात एवं यात्रा प्रभाग द्वारा किया गया। इसका विषय 'सुहाना सफर-एन एडवेन्चर इन टू अवेयरनेस' रखा गया। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी जीवन की यात्रा को आसान, आनन्दमय और सफल बनाने के लिए जागरूक व जिम्मेदार बनाना रहा। इस कार्यक्रम के माध्यम से भौतिक यात्रा और जीवन यात्रा के बीच समानताएं दर्शाते हुए प्रतिभागियों को आन्तरिक शान्ति और खुशी का मार्ग बतलाया गया। समारोह में मुम्बई से पधारी यातायात प्रभाग की नेशनल को-आर्डीनेटर ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, विधायक पुरन्दर मिश्रा, पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, एडीआरएम बजरंग अग्रवाल, सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमार सुवास भाई ने हिस्सा लिया। यातायात प्रभाग की नेशनल को-ऑर्डीनेटर ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने सभी को जीवन में होने वाले बदलावों को स्वीकार करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक यात्री अपनी यात्रा के दौरान टिकट, पहचान पत्र और दवाइयां आदि लेकर चलता है, उसी प्रकार जीवन के सफर में हमारी मुस्कान ही हमारी असली पहचान है और लोगों से मिलने वाली दुआएं ही दवा का काम करती हैं। इस रोमांचक यात्रा में उन्होंने विभिन्न स्टेशनों के माध्यम से मानवीय मूल्यों और जीवन दर्शन की शिक्षा भी दी।





### पर्यावरण को संवर्धित करने दें योगदान

आधुनिक चुनौतियों की चर्चा करते हुए उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता और अपने कर्मों के प्रति सजगता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने नो नेटवर्क जोन के माध्यम से डिजिटल दुनिया की बजाय वास्तविक सम्बन्धों और राजयोग मेडिटेशन को अपनाने पर जोर दिया। अन्त में प्रतिभागियों को राजयोग के अभ्यास द्वारा स्वयं को परमात्मा से जोड़ने का अनुभव कराया गया, ताकि उनका हर पल सुहाना बन सके।

### जीवन में जो कुछ मिला है उस पर संतोष रखें

पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने कहा कि यातायात एक ऐसा प्रभाग है, जो कि हम सबके जीवन से जुड़ा हुआ है। हम अक्सर यह सुनते आए हैं कि जितना कम सामान होगा, उतना सफर आसान होगा। प्रकृति का स्वभाव है देना। वह हमें हवा, पानी प्रदान करती है। हमारा शरीर पांच तत्वों से बना है ,इसलिए हमारा स्वभाव भी देने का होना चाहिए। जीवन में कुछ पाना चाहते हैं तो दूसरों को देना सीखें। अपर मण्डल प्रबन्धक बजरंग अग्रवाल ने कहा कि जीवन में जो कुछ मिला है, उस पर संतोष रखें। ईश्वर और प्रकृति का धन्यवाद करें।

हेल्थ टिप्स

## आपके तलवे की बनावट में छिपा है किस्मत का राज



ज्योतिष शास्त्र में हाथों और पैरों की लकीरों में भी हमारी किस्मत और भविष्य से जुड़ी कुछ बातें छिपी होती। हैं। आपने अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि हाथों की लकीरें आपकी तकदीर बदल सकती हैं, लेकिन सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि आपके तलवे में भी कुछ लकीरें होती हैं जो आपके आने वाले समय और आपकी पर्सनैलिटी का पता चलता है। ज्योतिष में ही एक है समुद्र शास्त्र जिससे आपके आने वाले समय के बारे में जानकारी आपके शरीर के कुछ हिस्सों को देखकर बताई जाती है। इसी में एक होती है फुट रीडिंग यानी कि हाथों के साथ पैरों की रेखाओं से भविष्य बताना।

फुट रीडिंग भारत और चीन में एक प्राचीन अवधारणा है और इसमें एक व्यक्ति को अपने पैर की उंगलियों या अपने तलवों की रेखाओं के बारे में जानकारी लेना शामिल है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि तलवे अपने पैरों के शीर्ष की तुलना में किसी व्यक्ति के बारे में अधिक बताते हैं और आपके भविष्य की जानकारी भी देते हैं।

### क्या कहता है फुट रीडिंग का विज्ञान

यह रिफ्लेक्सोलॉजी का एक विस्तार है और माना जाता है कि यह स्वास्थ्य के मुद्दों, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तित्व प्रकार को प्रकट करता है। फुट रीडिंग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास एक पुरुष और एक महिला के पैर होते हैं, जिसमें दायां एक पुरुष के रूप में कार्य करता है और बाएं एक महिला के रूप में माना जाता है।

### पैर की बनावट बताती है स्वभाव



शीतल जी बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं।

नैरो हील्स का मतलब है कि आपको ज्यादा सुरक्षा की जरूरत है और आप कई बातों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। यदि आपके पैर के उत्तर से दक्षिण तक लंबी लाइन है तो आप अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं। वास्तव में यदि आप किसी चीज़ के बारे में अनिर्णायक हैं या अपने जीवन के किसी पहलू में संघर्ष कर रहे हैं, तो एक फुट रीडिंग आपकी दुविधा को दूर कर सकती है।

### पैरों की रेखाओं में छिपी है आपकी किस्मत

फुट रीडिंग में तलवे में कुछ ऐसी रेखाएं



होती हैं जो पैर के तलवों की बनावट और उनमें बने निशान के आधार पर भविष्य के बारे में बताते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के तलवे दिखने में नरम होते हैं और इसमें कम रेखाएं दिखती हैं वो ज्यादा भाग्यशाली होते हैं। ऐसे लोगों पर लक्ष्मी की कृपा ज्यादा होती है। जिन लोगों के तलवे में तिरछी रेखाएं होती हैं और अस्त व्यस्त नजर आती हैं उनके जीवन में समस्याएं ज्यादा होती हैं। जिन लोगों के तलवे सपाट होते हैं वो मेहनती होते हैं और विचारों से खुले होते हैं। ऐसे लोग दूसरों की हमेशा मदद करते हैं इसलिए लोगों के बीच में प्रसिद्धि पाते हैं। यदि पैर के तलवे में चक्र, कमल के फूल या शंख नजर आए तो आप जीवन में बहुत ज्यादा प्रसिद्धि पाएंगे और कुछ बड़े स्थानों में कार्यरत होंगे।

ब्लड प्रेशर को लेकर आज जागरुकता जरूरी

# भ्रमित करते हैं ब्लड प्रेशर से जुड़े कई मिथक आप भी ऐसा मानते हैं तो बढ़ सकती हैं मुश्किलें

विशेषज्ञों के अनुसार हाई ब्लड प्रेशर कई कारणों से हो सकता है, जिनमें आनुवंशिकता, बढ़ती उम्र, मोटापा, तनाव, शारीरिक निष्क्रियता, अत्यधिक नमक का सेवन, धूम्रपान, शराब और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। कहीं आप भी तो इस समस्या का शिकार नहीं हैं?

कई अध्ययनों से ये स्पष्ट हो चुका है कि हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर साइलेंट किलर है, यानी ये स्थिति शरीर को अंदर ही अंदर खोखला करती जाती है। कम उम्र वालों में भी ये दिक्कत तेजी से बढ़ती जा रही है। हाई ब्लड प्रेशर को हृदय रोग और हार्ट अटैक का प्रमुख कारण माना जाता रहा है। हालांकि ब्लड प्रेशर के मामले में चिंता की बात ये रही है कि कई बार व्यक्ति को वर्षों तक कोई स्पष्ट लक्षण महसूस नहीं होते। बीपी के लक्षण न दिखने की वजह से इसका समय रहते इलाज नहीं हो पाता और बीमारी अंदर ही अंदर आपके दिल, दिमाग, किडनी और आंखों की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती रहती है।

विशेषज्ञों के अनुसार हाई ब्लड प्रेशर कई कारणों से हो सकता है, जिनमें आनुवंशिकता, बढ़ती उम्र, मोटापा, तनाव, शारीरिक निष्क्रियता, अत्यधिक नमक का सेवन, धूम्रपान, शराब और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं



शामिल हैं। भारत समेत पूरी दुनिया में करोड़ों लोग हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे हैं, लेकिन चिंता की बात यह है कि बड़ी संख्या में लोग या तो अपनी बीमारी से अनजान हैं या फिर इससे जुड़े कई मिथकों पर भरोसा कर लेते हैं।

गलत जानकारी के कारण कई मरीज समय पर जांच नहीं करवाते या डॉक्टर की सलाह के बिना दवाएं बंद कर देते हैं। ये गंभीर खतरे को कारण बन सकती है। आइए बीपी को लेकर फैले ऐसे ही कुछ आम मिथ्स और उनके पीछे छिपे वैज्ञानिक सच को जान लेते हैं।

### मिथः सिर्फ बुजुर्गों को ही होता है हाई ब्लड प्रेशर।



हाई ब्लड प्रेशर को अक्सर बढ़ती उम्र की बीमारी मान लिया जाता है, लेकिन अब कम उम्र के लोग भी इसका शिकार होते जा रहे हैं।

बदलती जीवनशैली, मोटापा, तनाव, जंक फूड्स और शारीरिक निष्क्रियता के कारण कम उम्र के युवाओं में भी हाई बीपी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। 20-30 की आयु में भी युवाओं में हाइपरटेंशन के मामले सामने आ रहे हैं। यदि आपके परिवार में हाई बीपी की हिस्ट्री रही है, तो आपमे जोखिम और बढ़ जाता है।

### मिथः शुरुआत में ही लक्षणों से हो सकती है पहचान।

हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर इसलिए कहा जाता है क्योंकि अधिकांश लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते। कई मरीजों में इसका पता ही तब चल पता चलता है जब नियमित जांच में बीपी बढ़ा हुआ मिलता है। कई लोगों को इसका पता ही तब चल पाता है जब हार्ट अटैक, स्ट्रोक या किडनी की समस्या जैसी जटिलताएं सामने आती हैं। हाई ब्लड प्रेशर में सिरदर्द, चक्कर, धुंधला दिखना या सांस फूलने जैसे लक्षण हो सकते हैं, लेकिन इन लक्षणों का न होना सामान्य ब्लड प्रेशर की गारंटी नहीं है।



### मिथः बीपी सामान्य हो जाए तो दवा बंद कर देनी चाहिए।

ब्लड प्रेशर की दवाएं बीमारी को नियंत्रित करती हैं, उसे पूरी तरह खत्म नहीं करतीं। दवा लेने से बीपी सामान्य रहता है, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना दवा बंद करने पर यह दोबारा बढ़ सकता है और हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है।

### मिथः नमक कम खा रहे हैं, तो हाई बीपी नहीं होगा।

नमक का अधिक सेवन हाई ब्लड प्रेशर का एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है, लेकिन यह अकेला कारण नहीं है। आनुवंशिकता, मोटापा, तनाव, किडनी की बीमारी, शारीरिक निष्क्रियता और हार्मोन संबंधी समस्याएं भी हाई बीपी का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा कई पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड में छिपा हुआ सोडियम भी काफी मात्रा में होता है। ये चीजें भी बीपी बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

समाज इवेंट

## बैडमिंटन चैंपियनशिप में पहले दिन एएआई एलआईसी और इंडिया पोस्ट की बड़ी जीत




**रायपुर।** एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 'योनेक्स-सनराइज ऑल इंडिया इंटर इंस्टीट्यूशनल बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप-2026' का रविवार को रायपुर के मोवा स्थित आईस्पोर्ट्ज़ बैडमिंटन एरीना में भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन का उद्घाटन नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के सीईओ चंदन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर रायपुर के एयरपोर्ट डायरेक्टर श्री योगेश नगाइच भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष और महिला टीम वर्ग में बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए, जहां विभिन्न संस्थानों के खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पुरुष टीम वर्ग के मुकाबलों में भारतीय जीवन बीमा निगम ने शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय वायु सेना को 3-0 के अंतर से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। एक अन्य एकतरफा मुकाबले में इंडिया पोस्ट की टीम ने भारतीय खाद्य निगम को 3-0 से हराकर अपनी प्रभावशाली जीत दर्ज की। वहीं, मेजबान टीम एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी अपना दबदबा कायम रखते हुए कर्मचारी राज्य बीमा निगम को 3-0 से मात दी। महिला वर्ग की बात करें तो, यहां भी एएआई का जलवा रहा। महिला टीम वर्ग के एक बेहद अहम और कड़े मुकाबले में एएआई ने एलआईसी को 3-1 से हराकर एक महत्वपूर्ण जीत अपने नाम की। इस मैच में दोनों ही टीमों ने उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन एएआई ने अपने बेहतर तालमेल से बाजी मार ली। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के सात प्रमुख संस्थान हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें एएआई, एलआईसी, आरबीआई, भारतीय वायु सेना, ईएसआईसी, एफसीआई और इंडिया पोस्ट शामिल हैं। इस टूर्नामेंट का आकर्षण इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि इसमें किरन जॉर्ज, प्रियांशु राजावत और मालविका बनसोड जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मशहूर खिलाड़ी भी अपना दमखम दिखा रहे हैं। इस रोमांचक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले सोमवार को खेले जाएंगे।

# अर्जुन, कवीश, समृद्ध, समाया और प्रिशा बने टेबल टेनिस के विजेता

**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, रायपुर में 26 जून से शुरू स्व. श्रीमती रमाबाई काले एवं स्व. श्री रामराव काले स्मृति रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता (यूथ/सब जुनियर/होप्स)₹ रविवार को संपन्न हुयी। आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि तीन दिनों तक खेली गयी उक्त प्रतियोगिता में खेले गये सभी वर्गों के अंतिम सुपर लीग मुकाबले में यूथ अंडर-19 (यूथ) एकल वर्ग में अर्जुन मल्होत्रा, यूथ अंडर-19 (यूथ) एकल वर्ग में समाया पांडे, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एकल वर्ग में कवीश काला, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल वर्ग में समाया पांडे एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एकल वर्ग में समृद्ध मिश्रा, यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग में प्रिशा पाटिल विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस खिलाड़ी राजीव काले थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर सिविल सुरेश दुबे ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, विनय बैसवाड़े, मुख्य निर्णायक अजीत बनर्जी एवं प्रवीण निरापुरे उपस्थित थे। मंच संचालन पी.एन. मजुमदार ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अजीत बनर्जी एवं सहायक निर्णायक गीता पंडित व पी.एन. मजुमदार थे। इस अवसर पर प्रियंक पांडे, परिवेश मिश्रा, हेमराज डेकाटे, एनआईएस कोच युवराज सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी रामजी कुमार, आदेश जैन, ईसी पांडे, सुनील पाटिल, राष्ट्रीय अंपायर प्रिया चावड़ा, अनिल डेंगवानी, सदस्यगण, खिलाडीगण, प्रशिक्षकगण, पालकगण उपस्थित थे।

■ रमाबाई-रामराव काले स्मृति रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न




### सभी वर्गों के सुपर लीग के अंतिम परिणाम

यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग में विजेता-अर्जुन मल्होत्रा, उपविजेता- यशवंत डेकाटे 3-0 तृतीय-कवीश काला, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग में विजेता-समाया पांडे, उपविजेता-आरना खोटेले 3-1 तृतीय- वेदी कछवाहा,यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग में विजेता-कवीश काला, उपविजेता-विवान बैसवाड़े 3-0,तृतीय-आरुष नथानी,यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्ग में विजेता-समाया पांडे,उपविजेता-वेदी कछवाहा 3-1 तृतीय- आरना ठाकुर,यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग में विजेता-समृद्ध मिश्रा, उप विजेता-विराज शर्मा 3-0 तृतीय- धैर्य चंद्राकर यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग में विजेता- प्रिशा पाटिल, उपविजेता-पूजस कौर विरदी 3-0 रहे।

# भव्यम और सावी ने जीता राज्य अंडर 11 फिडे शतरंज चैंपियनशिप का खिताब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-11 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 का सफल समापन बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ा तालाब, रायपुर में हुआ। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में रायपुर के भव्यम झावर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 7 अंक अर्जित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। दुर्ग के वी. विराट अय्यर 6 अंक के साथ उपविजेता रहे, जबकि रायपुर के निशांत साहू भी 6 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर रहे। दुर्ग के चनवीर सिंह (6 अंक) चौथे, रायपुर के राजवीर अजवानी (6 अंक) पांचवें तथा दुर्ग के सर्वेश लिल्हारे (6 अंक) छठे स्थान पर रहे।



# बगैर तंदूर के भी बनाई जा सकती है नान

अगर आप तंदूरी खाने के शौकीन हैं, तो आपके लिए ऐसा जुगाड़ है जिनकी मदद से घर पर परफेक्ट तंदूर तैयार किया जा सकता है।

**घर पर कैसे बनाएं तंदूर:** वैसे तो आप लकड़ी और मिट्टी दोनों तरीके से तंदूर तैयार कर सकते हैं। हालांकि, इन दोनों ही तंदूर को बनाने के लिए काफी मेहनत की जरूरत होती है। वैसे तो हमारा जुगाड़ ऐसा है कि आप कुछ ही मिनट में घर पर तंदूर तैयार कर सकते हैं। जी हां, आपको बस खाली पड़ा गमला चाहिए होगा। सबसे पहले गमले को अच्छी तरह से साफ करें। फिर अच्छी तरह से धोकर गमले को सूखने के लिए रख दें। अब मिट्टी वाली जगह पर गमले को रखें। इसके अंदर आग जलाने के लिए लकड़ी या फिर कोयले का इस्तेमाल किया जा सकता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्ट्रेंजर थिंग्स'की ब्राउन और हार्बर फिर साथ करेंगे नई सीरीज



'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीरीज में बॉबी ब्राउन और डेविड हार्बर ने पिता और बेटी का किरदार निभाया था। यह दोनों एक्टर्स अब एक बार फिर से साथ नजर आएंगे। एक नई सीरीज में बॉबी ब्राउन और डेविड हार्बर साथ अभिनय करने वाले हैं। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन और एक्टर डेविड हार्बर को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। इस सीरीज में मिली बॉबी ने 'इलेवन' और डेविड हार्बर ने 'जिम हॉपर' का रोल निभाया था। एक बार फिर से ये दोनों साथ अभिनय करने वाले हैं। एक नई स्पाई ड्रामा सीरीज का हिस्सा बॉबी ब्राउन और एक्टर डेविड हार्बर बन रहे हैं। जानिए, इस नई सीरीज में इनके किरदार क्या होने वाले हैं। यह स्पाई ड्रामा नेटफ्लिक्स पर आएगी, यह पॉल वार्नर के पहले उपन्यास 'ए स्पाई इन द ब्लड' से इंस्पायर है। इस सीरीज में डेविड हार्बर, मैट वुल्फ के किरदार में नजर आएंगे, जो एफबीआई के एक पूर्व एजेंट थे और अब सिक्योरिटी कंसल्टेंट बन गए हैं। उन्हें वापस एफबीआई में जाना पड़ जाएगा। वहीं सीरीज में उनकी बेटी रेबेका का किरदार मिली बॉबी ब्राउन निभाएंगी, वह भी एक एफबीआई एजेंट है। पिता और बेटी के रिश्ते अच्छे नहीं हैं। लेकिन अचानक बेटी गायब हो जाती है, इसके बाद पिता को अपने जासूसी के काम पर लौटना पड़ता है। बता दें की हार्बर और मिली बॉबी के बीच मनमुटाव की खबरें भी सामने आई थीं। दरअसल, ऐसी अटकलें लगी थीं कि हार्बर ने मिली ब्राउन को परेशान किया और उनके साथ बुरा बर्ताव किया। बाद में इन खबरों पर हार्बर ने कहा था, 'आप जिन लोगों के साथ 10 साल तक समय बिताते हैं, कभी-कभी उनसे बहस या असहमति हो जाती है। परिवारों में भी तो ऐसा होता है।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल ने जर्मनी में बिखेरा जलवा, धनुष के गाने 'मेघम करुकथा' पर किया जबरदस्त डांस



साउथ के सुपरस्टार मोहनलाल ने जर्मनी में हुए एक खास इवेंट को यादगार बना दिया। इस दौरान उन्होंने अपने शानदार डांस और सिंगिंग से फैंस का दिल जीत लिया। जर्मनी में हुए इस इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस स्टार-स्टडेड इवेंट में मोहनलाल ने कई पॉपुलर गानों पर परफॉर्म किया, जिनमें धनुष का सुपरहिट गाना 'मेघम करुकथा' भी शामिल था। इस गाने पर उन्होंने एक्ट्रेस सानिया अय्यप्पन के साथ जबरदस्त डांस किया, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया।

'मेघम करुकथा' गाना फिल्म 'थिरुचित्रम्बलम' का है, जिसमें धनुष और नित्या मेनन नजर आए थे। इस गाने को नेशनल अवॉर्ड भी मिल चुका है, और जब मोहनलाल ने इसे स्टेज पर रीक्रिएट किया तो लोगों ने जोरदार तालियां बजाईं।इसके अलावा मोहनलाल ने सानिया अय्यप्पन और स्वासिका के साथ 'इल्लुमिनाटी' और 'कालापक्कारा' जैसे गानों पर भी डांस किया। इन परफॉर्मेंस के वीडियो अब सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं और फैंस उनके एनर्जी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इवेंट का एक और खास पल तब आया जब मोहनलाल ने मशहूर सिंगर केएस चित्रा के साथ स्टेज शेयर किया। दोनों ने साथ में गाना गाया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

यह खास इवेंट 'द कम्प्लीट एक्टर मोहनलाल लाइव इन जर्मनीः बियोंड द स्क्रीन' का हिस्सा था, जो 26 जून को जर्मनी के ओबरहाउजेन में आयोजित हुआ। इस इवेंट में कई भारतीय कलाकार शामिल हुए और भारतीय सिनेमा का जश्न मनाया गया। इवेंट के बाद सानिया अय्यप्पन ने अपने इंस्टाग्राम पर मोहनलाल के साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। उन्होंने प्यार से उन्हें 'पूकी लालेट्टन' भी कहा।

### भोजपुरी

## अरविंद अकेला ने नए गाने 'राउंड राउंड' से लूट ली महफिल



अरविंद अकेला कल्लू अपने नए गाने 'राउंड राउंड' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसे शिल्पी राज ने अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। गाना काफी पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी इंडस्ट्री कमाल कर रही है। फिल्में हों या गाने...इनका अलग रुतबा है। फिलहाल, भोजपुरी गानों में दिलचस्पी लेने वालों को एक और तोहफा मिला है। अरविंद अकेला कल्लू का गाना 'राउंड राउंड' रिलीज हुआ है। इसमें कल्लू अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं। पा रा म्यूजिक ने अपने नए भोजपुरी म्यूजिक वर्टिकल 'भोजपुरी धूम' का आगाज किया है। इसे वाराणसी में भव्य तरीके से लॉन्च किया गया। 'राउंड राउंड' इसका डेब्यू गाना है। इसे अरविंद अकेला कल्लू और शिल्पी राज ने गाया है। गाना कल्लू और एंजेल लीजा पर फिल्माया गया है। कल्लू जहां स्टाइलिश लुक में छा गए हैं। वहीं, एंजेल ने ग्लैमर का तड़का लगाया है। यह गाना कल 10 जून को रिलीज हुआ था। 'राउंड राउंड गाना' पैरा भोजपुरी धूम के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। खबर लिखे जाने तक इसे 4.80 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। अपने अंदाज से अरविंद अकेला कल्लू भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और पावर स्टार पवन सिंह को कड़ी टक्कर देते दिख रहे हैं। कल्लू का स्टाइल तो गजब लग ही रहा है, साथ ही डांस भी काफी धमाकेदार है। 'राउंड राउंड' एक जबर्दस्त एनर्जी वाला डांस ट्रैक है, जो एंटरटेनमेंट और शानदार विजुअल्स का मिश्रण है।

### दिव्यांगता का रंग



दुनिया भर में दिव्यांग लोगों को बेहद सम्मान की नजर से देखा जाता है। इनके लिए फैशन शो आयोजित होते हैं। ये फ़ैशन शो दिव्यांग लोगों के लिए समावेश, सुलभता और स्टाइल को दिखाते हैं। तमन्ना फ़ैशन शो नई दिल्ली, एबिलिटीज एक्सपो फ़ैशन शो शिकागो, न्यूयॉर्क फ़ैशन वीक इन्क्लूजन शो, मेक्सिको सिटी इन्क्लूसिव फ़ैशन इवेंट सोमाया म्यूज़ियम और नारायण सेवा संस्थान दिव्यांग फ़ैशन शो जैसे ढेर सारे आयोजन हैं जो साल भर चलते रहते हैं।

## बिना हीटिंग टूल्स की मदद से भी कर सकती हैं अपने बालों को स्ट्रेट

क्या आपके बाल घुंघराले हैं? इसलिए आपको अपने बाल नहीं पसंद। ज्यादातर लोग बालों को सीधा करने के लिए हेयर ट्रीटमेंट जैसे स्ट्रेटनिंग और स्मूदनिंग करवाते हैं, लेकिन ये ट्रीटमेंट लंबे समय तक नहीं चलते हैं। साथ ही, बालों को डैमेज कर देते हैं। इसके कारण कई बार बाल झड़ने और टूटने लगते हैं। बाजार में हींट टूल्स मलते हैं, जिनकी मदद से भी बाल सीधे हो जाते हैं। इन प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल हीट होती है, जिससे बाल खराब हो जाते हैं। सोचिए अगर आपके पास हेयर स्ट्रेटनर न हो, तो आप क्या करेंगी? कई तरीके हैं, जिनकी मदद से आप बालों को सीधा कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको बिना हीटिंग टूल्स के बालों को स्ट्रेट करने के साथ-साथ हेयर केयर टिप्स भी बताएंगे।

### बालों में चावल का पानी लगाने के फायदे

बालों को स्ट्रेट करने के लिए आप चावल के पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है। चावल के पानी में विटामिन ए, सी, ई,



फ्लेवोनोइड्स और फेनोलिक कंपाउंड पाए जाते हैं। ये सभी तत्व बालों को टेक्सचर को बेहतर बनाने का काम करते हैं। कोरियन स्किन और हेयर केयर में चावल का पानी एक अहम हिस्सा है। चावल के पानी के उपयोग से बाल शाइनी, स्ट्रेट और लंबे होने लगते हैं। सबसे पहले चावल को पानी से अच्छे से धो लें, ताकि धूल-गदंगी साफ हो जाए। अब चावल में साफ पानी डालें और भीगने के लिए छोड़ दें। करीब 1-2 घंटे बाद चावल के पानी को छलनी से छानकर एक स्प्रे बोतल में भर लें। चावल के पानी को 24 घंटे तक फर्मेंट होने के लिए रख दें। बालों को शैंपू करने के बाद चावल के पानी से हेयर रिंस करें।

### एलोवेरा से बाल सीधे कैसे करें?

क्या आपके बाल घुंघराले हैं। इन्हें स्ट्रेट करने के लिए आप हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन ये प्रोडक्ट्स बालों को फायदा कम नुकसान ज्यादा पहुंचाते हैं। बालों को सीधा करने के लिए आप एलोवेरा जले का इस्तेमाल कर सकती हैं।

एक बाउल में 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 चम्मच कैस्टर ऑयल, 2 चम्मच शहद, नींबू की कुछ बूंदें डालें। अब इन्हें अच्छे से मिक्स कर लें।

इस पेस्ट का इस्तेमाल बालों को सीधा करने के लिए कर सकती हैं। एक साथ ब्रश से बालों की लंबाई में इस पेस्ट को लगा लें। जब पेस्ट सूख जाए, तब बालों को शैंपू से धो लें। एलोवेरा जेल से बने इस पेस्ट का उपयोग करने से बालों को फायदा होगा।

## मैक्सी स्कर्ट के टॉप चुनने याद रखें जरूरी टिप्स



मैक्सी स्कर्ट को स्टाइल करने के लिए टी-शर्ट, फिटेड शर्ट, पेपलम टॉप, वेस्टकोट और असिमेट्रिक टॉप सबसे अच्छे विकल्प माने जाते हैं। सही टॉप का चुनाव स्कर्ट की फिटिंग, फैब्रिक और मौके के अनुसार करें। इससे आपका लुक ज्यादा बैलेंस्ड, स्टाइलिश और आकर्षक दिखाई देगा।



फैशन की दुनिया में कुछ कपड़े ऐसे होते हैं जो कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होते और मैक्सी स्कर्ट उनमें से एक है। आरामदायक होने के साथ-साथ यह बेहद एलिगेंट और वर्सेटाइल भी होती है। चाहे कॉलेज जाना हो, ऑफिस मीटिंग हो, दोस्तों के साथ कॉफी डेट हो या किसी पार्टी में शामिल होना हो, मैक्सी स्कर्ट हर मौके पर आपको स्टाइलिश दिखा सकती है।



हालांकि कई महिलाएं मैक्सी स्कर्ट खरीद तो लेती हैं, लेकिन अक्सर यह समझ नहीं पातीं कि इसके साथ कौन-सा टॉप पहना जाए। गलत टॉप चुनने पर पूरा लुक बिगड़ सकता है, जबकि सही कॉम्बिनेशन आपके व्यक्तित्व को निखार सकता है। फैशन एक्सपर्ट्स के अनुसार मैक्सी स्कर्ट के साथ हमेशा ऐसा टॉप चुनना चाहिए जो शरीर के ऊपरी हिस्से को संतुलित करे और कमर को बेहतर तरीके से डिफाइन करे। आजकल सोशल मीडिया और स्ट्रीट फैशन में मैक्सी स्कर्ट के साथ फिटेड शर्ट, बेसिक टी-शर्ट, पेपलम टॉप, वेस्टकोट और ऑफ-शोल्डर टॉप काफी ट्रेंड में हैं। यदि आप भी अपनी मैक्सी स्कर्ट को नए और स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो यह फैशन गाइड आपके लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

### बेसिक टी-शर्ट के साथ फ्लोई मैक्सी स्कर्ट

अगर आपके पास फ्लोई मैक्सी शर्ट है तो आप इसे गर्मियों के मौसम में बेहद ही स्टाइलिश और सहज तरीके से कैरी कर सकती हैं। कॉलेज, कॉफी डेट, सफर या वीकेंड आउटिंग के लिए इस तरह की स्कर्ट परफेक्ट हो सकती है। लेकिन इस स्कर्ट के साथ कैसा

## बैकहैंड पर लगाएं ये खूबसूरत और आसान मेहंदी डिजाइन

मेहंदी लगाना महिलाओं को काफी पसंद होता है। अब तो कई सारे ऐसे त्योहार और शादी का सीजन आ रहा है कि महिलाएं सबसे ज्यादा मेहंदी लगाना पसंद करेंगी। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो डिजाइन के अलग-अलग ऑप्शन ऑनलाइन सर्च करती हैं और बाहर से जाकर वैसे ही डिजाइन को हाथों में लगवाती हैं। इस बार आपको हम बैकहैंड के कुछ ट्रेंडी डिजाइन के बारे में बताएंगे। इन्हें लगाना भी काफी आसान है और ये सिंपल भी होते हैं। अगर आपको बैकहैंड पर खुला खुला मेहंदी का डिजाइन लगाना है। वो भी भरकर तो इसके लिए आप इस डिजाइन को क्रिएट कर सकती हैं। बस आपको दोनों हाथों में अलग-अलग डिजाइन क्रिएट करना है। एक में आपको गोल टिक्की डिजाइन के साथ फूल क्रिएट करना है। दूसरे में एक तरफ फूल और दूसरी तरफ लाइन खींचकर उसमें गोल डिजाइन बनाना है। इस तरीके से आपकी खूबसूरत सिंपल मेहंदी लगकर रेडी हो जाएगी। इन्हीं डिजाइन को आप उंगलियों पर क्रिएट कर सकती हैं।



### चेन मेहंदी डिजाइन

मेहंदी डिजाइन के आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। लेकिन अगर आपको बैकहैंड पर सिंपल मेहंदी लगानी है तो इसके लिए आप इस तरीके के चेन मेहंदी डिजाइन को क्रिएट करा सकती हैं। इसमें कलाई पर ऊपर और नीचे की तरफ फूल का डिजाइन बनाया जाएगा। जिसे पत्तियों कंप्लीट किया जाएगा। फिर ऊपर की तरफ चेन बनानी है। इसके बाद उंगलियों पर फूल का डिजाइन दोबारा क्रिएट करना है। ऐसे आपका बैकहैंड मेहंदी डिजाइन लगकर रेडी हो जाएगा।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग

महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।



### दो रंग की चूड़ियों को मिक्स -मैच करें-

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

**टिप्सः** हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।

### हरे रंग की चूड़ियों को इस तरह करें सेट

हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

**टिप्स-** कांच की चूड़ियों के साथ लाख के कड़े को भी आप सेट कर सकती हैं। अगर आपको मोती वर्क पसंद है तो बाजार से मोती वर्क वाले कड़े खरीद लें और हरे रंग की चूड़ियों के साथ पहनें।

### कार्नर न्यूज

### कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते स्ट्राइप्स प्रिंट्स, जरूर अपनाएं

## स्ट्राइप्स आउटफिट को कैरी करते समय छोटे-छोटे टिप्स को करें फॉलो, निखर जाएगी खूबसूरती

खुद को स्टाइल करते हुए हम सभी कई तरह के स्टाइल व प्रिंट्स को कैरी करते हैं। फैशन की इस दुनिया में यू तो स्टाइल बदलते रहते हैं। लेकिन कुछ ऐसे प्रिंट्स होते हैं, जो कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होते हैं। इन्हीं प्रिंट्स में से एक है स्ट्राइप्स। स्ट्राइप्स को हम सभी कभी साड़ी तो कभी सूट तो कभी टॉप में इस प्रिंट को स्टाइल करते हैं।

स्ट्राइप्स में भी आपको कई तरह के पैटर्न मिल जाएंगे, जिन्हें आप अपने स्टाइल व पसंद के अनुसार पहन सकती हैं। कई बार ऐसा होता है कि आप स्ट्राइप्स में भी अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि स्ट्राइप्स पहनते समय आप कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको स्ट्राइप्स आउटफिट पहनते समय ध्यान रखना चाहिए-

### बॉडी टाइप का रखें ध्यान

स्ट्राइप्स पैटर्न में आपको चौड़ाई से लेकर कलर व डायरेक्शन तक काफी वैरिएशन मिल जाएंगी।



इसलिए, यह जरूरी है कि जब भी आप स्ट्राइप्स पहनें तो इन छोटी-छोटी चीजों पर फोकस करें। स्ट्राइप्स को हमेशा अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए ही पहनना चाहिए। मसलन, अगर आप अधिक लंबी और स्लिम दिखना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल स्ट्राइप्स पहनना अच्छा आइडिया है। वहीं, अपनी बॉडी को थोड़ा हैवी दिखाने के लिए हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स पहन सकती हैं।

### अलग-अलग स्ट्राइप्स को करें स्टाइल

अगर आप स्ट्राइप्स में भी स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इसका एक अच्छा तरीका है कि आप अलग-अलग स्ट्राइप्स को एक साथ स्टाइल करें। मसलन, आप थिन स्ट्राइप्स और थिक स्ट्राइप्स को एक साथ पहन सकती हैं। अगर आप साड़ी पहन रही हैं तो ऐसे में आप थिक व थिन स्ट्राइप्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसी तरह, आप थिन स्ट्राइप्स शर्ट के साथ थिक स्ट्राइप्स स्कर्ट या पैंट को पहन सकती हैं। इससे आपका लुक यकीनन काफी स्टाइलिश लगेगा।

स्ट्राइप्स में यूं तो आप एक खास पैटर्न को पहनकर भी स्टनिंग दिख सकती हैं। लेकिन अगर आप स्ट्राइप्स में अलग-अलग पीसेस पहन रही हैं तो आपको इसके कलर पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आप स्ट्राइप्स में ऐसे कलर्स पहनें, जो एक-दूसरे को कॉम्पलीमेंट करें। अगर आप अलग-अलग कलर्स को एक साथ पहनने में कंफर्टेबल नहीं हैं तो आप कुछ क्लासिक कॉम्बिनेशन जैसे ब्लैक एंड व्हाइट या फिर रेड एंड व्हाइट को पहन सकती हैं। यह कॉम्बिनेशन हर किसी पर अच्छा लगता है।

